

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-41 सीहोर, शनिवार 29 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## म्यांमार में 7.7 तीव्रता के भूकंप से भारी तबाही, 100 से अधिक लोगों की मौत



नेपीडॉ(ए)। म्यांमार में शुक्रवार को आए 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप और उसके बाद 6.8 तीव्रता के शक्तिशाली झटके के बाद कम से कम 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि रिपोर्ट्स बताती हैं कि मांडले शहर में एक मस्जिद ढह गई जिसमें कई लोग मारे गए हैं।भूकंप, का केंद्र सागाइंग के उत्तर-पश्चिम में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। झटके म्यांमार, थाईलैंड, पूर्वोत्तर भारत और चीन के कुछ हिस्सों में झटके महसूस किए। भूकंप इतना तीव्र था कि बैंकॉक में मेट्रो और रेल सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गईं, जिससे निवासियों में व्यापक दहशत फैल गई। थाई प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनावात्रा ने तत्काल संकट बैठक बुलाई और राजधानी में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी। म्यांमार में स्थिति गंभीर बनी हुई है, खासकर मांडले क्षेत्र में इमारतों के ढहने और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। मांडले और यांगून के बीच की सड़कों को भी भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे राहत प्रयासों में बाधा आ रही है।प्रभावित क्षेत्रों से चौंकाने वाले फुटेज में ढहती इमारतें और भयभीत लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भागते हुए दिख रहे हैं। लाओस के विएंतियाने में भी झटके महसूस किए गए यहां भी ऊंची इमारतों में तीव्र झटकों के वीडियो वायरल हो रहे हैं।

### पीएम मोदी ने जताया दुख हर संभव मदद के लिये तैयार

पीएम मोदी ने शुक्रवार को कहा, म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप के बाद की स्थिति से चिंतित हूं। सभी की सुरक्षा और खुशहाली के लिए प्रार्थना करता हूं। भारत हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। इस संबंध में, हमने अपने अधिकारियों से तैयार रहने को कहा है। साथ ही विदेश मंत्रालय से म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों के साथ संपर्क में रहने को कहा है।

### नगदी मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा को राहत, फिलहाल एफआईआर दर्ज नहीं होगी

नई दिल्ली (ए)। सुप्रीम कोर्ट ने नगदी मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर विचार से इंकार किया है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि मामले की इन हाउस कमेटी द्वारा जांच जारी है, रिपोर्ट आने के बाद देश के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के पास कार्रवाई करने के कई सारे विकल्प हैं।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा और हेमाली सुरेश कुर्ने द्वारा दायर याचिका को ''समय से पहले'' दायर बताया। पीठ ने कहा, मामले में आंतरिक जांच जारी है।



सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने उत्तर प्रदेश के आईआईटी कानपुर में एशिया के सबसे बड़े इंटरकॉलेजिएट तकनीकी और उद्यमशीलता महोत्सव 'टेककृति 2025' का उद्घाटन किया।

## दुश्मन का कांपेगा कलेजा, सेना को मिलेंगे 156 प्रचंड हेलीकॉप्टर, केंद्र सरकार ने दी सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी

नई दिल्ली(ए)। भारत ने 156 मेड इन इंडिया LCH प्रचंड हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए अब तक के सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी दे दी है। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की आज हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। रक्षा मंत्रालय ने इस वित्तीय वर्ष में 2.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रचंड दुनिया का एकमात्र अटैक हेलीकॉप्टर है, जो 16,400 फीट (5,000 मीटर) की ऊंचाई पर भी उड़ सकता है।रक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के लिए अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर होगा। हेलीकॉप्टर कर्नाटक के बेंगलुरु और तुमकुर स्थित उनके प्लांट्स में बनाए जाएंगे। भारत ने अपनी सैन्य शक्ति को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। दरअसल, यह सौदा आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने और थल व वायुसेना की ताकत बढ़ाने की दिशा में अहम साबित होगा।



### कॉमेडियन कुणाल कामरा को बड़ी राहत, शिंदे पर टिप्पणी मामले में हाईकोर्ट से मिली अंतरिम जमानत

नई दिल्ली (ए)। स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा को मद्रास हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें अग्रिम जमानत प्रदान कर दी है। यह मामला मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर की गई टिप्पणी से जुड़ा हुआ है, जिसके बाद काफी विवाद हुआ था। मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस सुंदर मोहन ने मामले की सुनवाई करते हुए कुणाल कामरा को 7 अप्रैल तक गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी है। जस्टिस मोहन ने यह भी माना कि कामरा को मिल रही धमकियों के कारण वह कोर्ट में पेश होने में असमर्थ हैं।कामरा तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के निवासी हैं। शिंदे पर अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में उन्हें मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की आशंका थी। इसलिए उन्होंने आज ही हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दी थी।

### जम्मू-कश्मीरः कठुआ में सुरक्षाबलों ने पांच आतंकवादियों को किया ढेर, सर्च ऑपरेशन जारी

जम्मू (ए)। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकवाद विरोधी अभियान में मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। शुक्रवार को जंगल में दो और शव बरामद किए गए, जहां वे छिपे हुए थे। वहीं, तीन पुलिसकर्मी शहीद हो गए, जबकि सात सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं।आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, कठुआ जिले के सूफियान जखोले गांव के घाटी हाइट्स में आतंकवाद विरोधी अभियान में पांच आतंकवादी मारे गए। वहीं, जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के तीन जवान शहीद हो गए। इस ऑपरेशन में डिप्टी एसपी बॉर्डर धीरज कटोच और सेना के एक पैरा कमांडो समेत सात सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

## शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था की जाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**20 शासकीय सेवकों के विरूद्ध निलंबन और नोटिस जारी करने की कार्रवाई**



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाधान ऑनलाइन में आए विभिन्न प्रकरणों में लापरवाही बरतने वाले 20 अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही पेयजल प्रदाय में अव्यवस्था के दोषी ठेकेदार को अर्थदंड से दंडित किया गया। शुक्रवार को समाधान ऑनलाइन में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों में से ऐसे प्रकरणों का समाधान किया गया जिनका लंबे समय से समाधान लंबित था। मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी समाधान ऑनलाइन में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा कलेक्टर्स और अन्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान ऑनलाइन में शुक्रवार को पेयजल व्यवस्था से संबंधित 3 प्रकरणों में दोषी व्यक्तियों को दंडित करने का निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिस भी जिले से नागरिकों के लिए पेयजल की व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें प्राप्त होंगी वहां संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। पेयजल समस्या से संबंधित एक प्रकरण में सीहोर जिले के भंवर सिंह पटेल ने ग्राम पंचायत बरखेड़ी में पानी न पहुंच पाने की शिकायत की थी। इस प्रकरण में अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला ने बताया कि ठेकेदार फर्म मेसर्स विश्वा पर 37 हजार 469 की शास्ति अधिरोपित की गई है।

## भारत में बिना वीजा किसी को भी रहने का अधिकार नहीं : रामदास आठवले



पटना,(आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने आव्रजन और विदेशी नीति पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर कहा कि भारत में बिना वीजा के रहने का किसी को अधिकार नहीं है।

रामदास आठवले ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारत में बिना वीजा के किसी को भी रहने का अधिकार नहीं है। बांग्लादेश के लोग भारत आते हैं और बिना वीजा के यहां रहते हैं इसलिए ही अमित शाह ने कहा है कि जिन्हें यहां रहना है उनके पास वीजा होना चाहिए। भारत में अवैध रूप से रहने वालों को वापस उनके देश भेज दिया जाएगा। बांग्लादेश में भी हिंदू समाज पर अन्याय हो रहा है, यह अच्छी बात नहीं है।बता दें कि आव्रजन और विदेशी नागरिकों से संबंधित विधेयक गुरुवार (27 मार्च) को लोकसभा में पारित हो गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा था कि देश में अल्पसंख्यक समूह सबसे सुरक्षित हैं और सरकार ने शरणार्थियों को हमेशा सुरक्षा प्रदान की है।

अमित शाह ने इस बात पर जोर दिया था कि आव्रजन राष्ट्रीय सुरक्षा से निकटता से जुड़ा हुआ है और देश की सीमाओं में प्रवेश करने वालों की निगरानी करना महत्वपूर्ण है।

### महिला समृद्धि योजना को लेकर पूछा सवाल तो किया सदन से बाहर : आतिशी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों को तब सदन से बाहर कर दिया गया, जब उन्होंने महिलाओं को 2,500 रुपए देने के भाजपा सरकार के वादे पर सवाल पूछा। विपक्ष की नेता आतिशी के नेतृत्व में आप विधायकों ने विधानसभा परिसर में 2,500 रुपए कब आएंगे के प्लेकार्ड के साथ जोरदार प्रदर्शन किया और भाजपा सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया।नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली की महिलाओं से वादा किया था कि 8 मार्च तक उनके बैंक खातों में 2,500 रुपए जमा किए जाएंगे। लेकिन, 8 मार्च बीत गई और महिलाओं के बैंक खाते में एक भी रुपया नहीं आया।आतिशी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अब यह साफ हो गया है कि भाजपा का 2,500 रुपए देने का कोई इरादा नहीं था और उन्होंने दिल्ली की महिलाओं से झूठ बोला।




## भारत में 284 हुई अरबपतियों की संख्या, अमेरिका-चीन के बाद तीसरे नंबर पर

**-कुल संपत्ति 98 लाख करोड़ के पार, अकेले मुंबई में ही हैं 90 अरबपति**

नई दिल्ली,(ए)। भारत में लगातार अरबपतियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। अब यह संख्या बढ़कर 284 हो गई है, जिनकी कुल संपत्ति 98 लाख करोड़ रुपए है। एक लेटेस्ट रिपोर्ट में बताया गया है कि रिपोर्ट पता चलता है कि देश के सबसे धनी व्यक्तियों की कुल संपत्ति में पिछले एक साल में 10 फीसदी की वृद्धि हुई है और अकेले मुंबई में 90 अरबपति हैं। भारत वैश्विक मंच पर मजबूत स्थिति में है, अरबपतियों की संख्या के मामले में देश विश्व में तीसरे नंबर पर है, जो केवल अमेरिका और चीन से पीछे है। अमेरिका 870 अरबपतियों के साथ इस सूची में टॉप पर हैं।रिपोर्ट में बताया गया है कि 175 भारतीय अरबपतियों की संपत्ति में बढ़ोतरी हुई है, जबकि 109 की संपत्ति में या तो गिरावट आई है या बदलाव नहीं हुआ है। एक भारतीय अरबपति की औसत संपत्ति अब 34,514 करोड़ है। इसके अलावा भारत में 40 साल से कम आयु के 7 अरबपति हैं, जिनमें से अधिकांश बेंगलुरु और मुंबई के हैं। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने पिछले साल 189 बिलियन डॉलर की कमाई के साथ सबसे बड़ी संपत्ति वृद्धि दर्ज करवाई।



### भाजपा की रैली सुपरहिट, सुक्खू सरकार का सिंहासन हिला : संदीपनी

शिमला (आरएनएस)। भाजपा प्रवक्ता सांदीपनि भारद्वाज ने कहा कि सरकार के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान की आंखों में खोट आ गया है और उनको अपनी आंखों का इलाज कर लेना चाहिए। भाजपा को रैली सुपरहिट रही जिसने सरकार का सिंहासन हिला दिया। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश के समस्त नेतृत्व जयराम ठाकुर, राजीव बिंदल, श्रीकांत शर्मा एवं संजय टंडन के आह्वान पर शिमला में 10000 से अधिक की संख्या में कार्यकर्ता जुटे और चौड़ा मैदान में एक विशाल प्रदर्शन सरकार के खिलाफ किया गया। इस प्रदर्शन में माफियाराज के बारे में सरकार को खरिकोटि सुनाई गई और विमल नेगी की मृत्यु को लेकर सीबीआई जांच की भी मांग की गई, पर दोनों मुद्दों में लगता है कि सरकार बैक फुट पर है।




### मोदी सरकार ने बढ़ाया महंगाई भत्ता, जानें कितनी बढ़ेगी सैलरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को सातवें वित्त आयोग के तहत केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को अपनी मंजूरी दे दी है। सरकार की ओर से यह फैसला केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिया गया है। महंगाई भत्ते में इस बढ़ोतरी के बाद पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत 53 प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो जाएगा।सातवें वित्त आयोग के तहत केंद्रीय कर्मचारियों के लिए एक वर्ष में महंगाई भत्ते में दो बार बढ़ोतरी की जाती है, जो कि छमाही आधार पर की जाती है। केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में इससे पहले अक्टूबर 2024 में बढ़ोतरी की गई थी, तब महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। जिसके बाद यह 50 प्रतिशत से बढ़कर 53 प्रतिशत हो गया था।अगर किसी केंद्रीय कर्मचारी की बेसिक सैलरी 50 हजार रुपये है, तो महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी से पहले 26,500 रुपये का महंगाई भत्ता था। वहीं, अब यह बढ़कर 27,500 रुपये हो जाएगा। यानी 50 हजार की बेसिक सैलरी वाले केंद्रीय कर्मचारी की सैलरी में 1000 रुपये की बढ़ोतरी हो जाएगी।केंद्र सरकार की ओर से महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का ऐलान मार्च के आखिर में किया गया है। हालांकि, केंद्रीय कर्मचारियों के लिए 2 प्रतिशत की नई बढ़ोतरी 1 जनवरी 2025 से प्रभावी मानी जाएगी।

## होटल-रेस्टोरेंट खाने के बिल में नहीं लगा सकते सर्विस चार्ज, हाईकोर्ट ने जारी किए आदेश



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि होटल और रेस्टोरेंट खाने के बिल में सर्विस चार्ज को अनिवार्य रूप से नहीं जोड़ सकते। अदालत ने स्पष्ट किया कि ग्राहक अपनी इच्छा से सर्विस चार्ज का भुगतान कर सकते हैं, लेकिन इसे अनिवार्य नहीं किया जा सकता।

जस्टिस प्रतिभा एम सिंह ने यह फैसला नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (NRAI) और फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनाया। इन याचिकाओं में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) के दिशा-निर्देशों को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने इन याचिकाओं को खारिज करते हुए रेस्टोरेंट एसोसिएशन पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, सीसीपीए ने उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और गलत व्यापारिक प्रथाओं को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे। इन दिशा-निर्देशों के मुख्य बिंदु इस प्रकार थे। होटल या रेस्टोरेंट खाने के बिल में स्वत: या डिफ़ॉल्ट रूप से सर्विस चार्ज नहीं जोड़ेंगे। किसी अन्य नाम से भी सर्विस चार्ज नहीं लिया जा सकता। कोई भी रेस्टोरेंट या होटल ग्राहकों को सर्विस चार्ज देने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। उन्हें यह स्पष्ट रूप से बताना होगा कि यह वैकल्पिक है। सर्विस चार्ज के भुगतान के आधार पर ग्राहकों के प्रवेश या सेवाओं पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा। सर्विस चार्ज को खाने के बिल के साथ जोड़कर और कुल राशि पर जीएसटी लगाकर एकत्र नहीं किया जाएगा।

### झारखंड के गुमला और सिमडेगा में हाथी ने 12 घंटे में चार लोगों को कुचल कर मार डाला

रांची (आरएनएस)। झारखंड के गुमला और सिमडेगा जिले में गुस्साए हाथी ने गुरुवार-शुक्रवार को 12 घंटे के दौरान चार लोगों को कुचलकर मार डाला। हाथी के हमले में दो अन्य लोगों के घायल होने की भी सूचना है। इन घटनाओं से इलाके में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है कि यह हाथी अपने झुंड से बिछड़ने की वजह से गुस्से में है। हाथी जिन इलाकों से गुजर रहा है, वहां भगदड़ और दहशत का आलम है।

हाथी के हमले में मृत लोगों की पहचान गुमला जिले के पालकोट थाना क्षेत्र निवासी 60 वर्षीय क्रिस्टोफर एक्का, 35 वर्षीय हेमवती देवी और सिमडेगा जिले के बानो थाना क्षेत्र निवासी सिबिया लुगुन और विकास ओहदार के रूप में हुई है।बताया गया कि यह हाथी शुक्रवार सुबह करीब छह बजे गुमला के पालकोट थाना क्षेत्र में भटक रहा था। इसी दौरान बरडीह-देवगांव में शौच के लिए खेत की तरफ गए क्रिस्टोफर एक्का को कुचल डाला।



# जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता के लिए सरकार और समाज दोनों की सहभागिता आवश्यक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## कलेक्टर्स को दिए गए निर्देश

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के जल संसाधनों का संरक्षण और पुनर्निमाण आवश्यक है। प्रदेश की नदियां, सरोवर और अन्य जल स्त्रोत हमारे जीवन के आधार हैं। इनके संरक्षण, पुनर्जीवन और प्रभावी प्रबंधन के लिए सरकार और समाज दोनों सजग रहें, यह आवश्यक है। इस उद्देश्य से प्रदेश में तीन माह अवधि का जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ हो रहा है। प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए अधिकतम प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार की शाम मंत्रालय से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अभियान के संबंध में कलेक्टर्स को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान को सफ़ल बनाने के लिए कलेक्टर्स और अन्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला स्तर पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी सभी जनप्रतिनिधियों को भी अभियान से जोड़ें। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी की सहभागिता जल स्त्रोतों की सफाई और रखरखाव के कार्यों के अच्छे परिणाम दिलवाने में सहायक होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान में जिला प्रशासन का अमला और विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मिलकर कार्य करें। उल्लेखनीय है कि अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, नगरीय विकास एवं आवास, उद्यानिकी, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उद्योग, पर्यावरण, स्कूल शिक्षा, संस्कृति, जनसंपर्क, राजस्व, वन विभागों के साथ ही जन अभियान परिषद को प्रमुख सहभागी विभाग बनाया गया है। अभियान की स्थानीय रणनीति के अनुसार जिलों में अन्य विभागों का सहयोग कलेक्टर स्तर पर लिया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से जुड़े स्थान, विशेष रूप से नर्मदा के किनारे स्थित धार्मिक स्थानों में स्वच्छता और नदियों के घाटों की सफाई का कार्य किया जाए। छोटी नदियों और अन्य जल संरचनाओं के सौन्दर्यीकरण और स्वच्छता के कार्य निरंतर किए जाएं। प्रमुख धार्मिक केन्द्रों एवं ग्रामों में स्थित मंदिरों के परिसर में भी श्रृद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा जाए।

**पर्व-त्यौहारों के लिए करें आवश्यक तैयारियां**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी पर्व त्यौहार पर कानून



व्यवस्था की स्थिति सुधर बनाए रखने के निर्देश प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जहां 30 मार्च को गुड़ी पड़वा, चेटीचंड और वर्ष प्रतिपदा के कार्यक्रम होंगे वहीं चैत्र नवरात्र भी प्रारंभ हो रहे हैं। इसके साथ ही 31 मार्च को ईद भी है। इन सभी पर्व-त्यौहारों के दृष्टिगत जिलों में प्रशासनिक अमला सजग और सक्रिय रहे। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि यदि विद्यार्थियों की कोई परीक्षा नजदीक है तो उस दृष्टि से ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित मानकों के अनुसार प्रयोग हो। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ पर होने वाली गतिविधियों पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम संवत, वैदिक गणित काल गणना की प्राचीन भारतीय पद्धति पर भी चर्चा की।

## 74,697 किसानों से 5 लाख 80 हजार मीट्रिक टन से अधिक हुई गेहूँ खरीदी : खाद्य मंत्री श्री राजपूत

भोपाल (ए.)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रदेश में अभी तक 74697 किसानों से 5 लाख 80 हजार 711 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को उपार्जित गेहूँ का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। अभी तक 757 करोड़ 36 लाख रूपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। जिला उज्जैन में एक लाख 19 हजार 535, सीहोर में 83735, देवास में 60456, शाजापुर में 60282, इंदौर में 42765, भोपाल में 38640, राजगढ़ में 36457, मंदसौर 25292, आगर मालवा में 23604, धार में 20564, विदिशा में 19593, हरदा में 13451, खण्डवा में 11082, रतलाम में 10857, नीमच में 3351, नर्मदापुरम में 3307, झाबुआ में 2965, रायसेन में 2708, बैतूल में 1000, दमोह में 460, खरगौन में 329, गुना में 252, सागर में 22 और अलीराजपुर में 4 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है।

## निजी हॉस्पिटल में तोड़फोड़ करने वालों की जांच के बाद होगी गिरफ्तारी

भोपाल(ए)। शहर के गोविंदपुरा थाना में स्थित सेनरजी मल्टी अस्पताल में हुए हंगामें और तोड़फोड़ की घटना में पुलिस जांच जारी है, और जांच के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी। यह झगड़ा यहॉ काम करने वाले एक अटेंडर के एडवांस रकम मांगने की बात पर शुरू हुआ था। अटेंडर को पहले तो सुपरवाइजर ने गाली-गलौज कर भगा दिया। बाद में अटेंडर अपने तीन साथियों के साथ वापस अस्पताल पहुंचा और हंगामा मचाते हुए टीवी, अस्पताल के शीशे समेत अन्य सामान तोड़फोड़ दिया। घटना में पुलिस ने दोनो पक्षो की शिकायत पर अलग-अलग धाराओं में काउंटर प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस दोनो पक्षो के बयान दर्ज करने के साथ ही अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। थाना पुलिस के अनुसार पहले पक्ष की तरफ से सूनील बागमारे पिता देवी प्रसाद बागमारे



(35) ने अपनी शिकायत में बताया की वह शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित बाजपेयी नगर में रहता है, और साकेत नगर स्थित सेनरजी मल्टी अस्पताल में सुपरवाइजर हैं। 25 मार्च बुधवार की रात करीब 8 बजे सुमित सेन शराब के उनके पास आया और उससे नौकरी मांगने लगा। उसके नशे में होने के कारण उन्होंने उससे कहा की वह नशा करता है, इसलिए उसे नौकरी पर नहीं रख सकते। इस पर वह गाली-गलौज करने लगा। सूनील ने अन्य स्टाफ वालों की मदद से उसे वहां से बाहर भेज दिया। उस समय तो सुमित वहॉ से चला गया लेकिन करीब डेढ़ घंटे बाद वह अपने तीन अन्य साथियों के साथ वापस आया। उसके साथियो में से दो नरेश सेन और प्रताप सेन को फरियादी सूनील जानता है। लेकिन तीसरे आरोपी को वह नहीं जानता है। तीनो ने आरोपियों में आते ही गाली-गलौज करते हुए जमकर तोड़फोड़ कर दी। उन्होंने शीशें, अस्पताल में लगी एलईडी टीवी समेत करीब 45 हजार का नुकसान कर दिया। मामले में दूसरे पक्ष की और से सुमित सेन पिता माना सेन (23) ने प्रकरण दर्ज कराते हुए बताया की वह बागसेवनिया थाना क्षेत्र में स्थित पिपलिया पेंद खां में रहतेह हुए अस्पताल में अटेंडर की नौकरी करता है। पैसों की जरुरत होने पर उसने सुपरवाइजर सुनील बागमारे से एडवांस मांगा था। लेकिन इस पर वह गुस्सा होते हुए उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। जब उसने विरोध किया तब उसने उसके साथ डंडे से मारपीट करते हुए मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया।

## आरईसी ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को सौंपा ट्रांसमिशन एसपीव्ही

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश को आगामी दो से तीन वर्षों में दो चरणों में 1230 मेगावॉट विद्युत की अतिरिक्त उपलब्धता रहेगी। इसके लिये बिजली कंपनी के मुख्यालय जबलपुर में आरईसी ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को ट्रांसमिशन एसपीव्ही सौंपा। इस परियोजना के तहत मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड के बंधौरा (सिंगरौली) पॉवर जनरेटिंग प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी के लिये ट्रांसमिशन नेटवर्क तैयार किया जाना है। एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि मध्यप्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने 1230 मेगावॉट विद्युत प्रदाय हेतु मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड से पॉवर परचेस अनुबंध किया था। मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड द्वारा 2-800 मेगावॉट क्षमता के पॉवर जनरेटिंग प्लांट की स्थापना प्रस्तावित है। पॉवर प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी हेतु नियामक आयोग के विनियमानुसार टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली प्रक्रिया के अंतर्गत पारेषण अधोसंरचना के विस्तार हेतु मध्यप्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी/एस.टी.यू. से अनुरोध किया गया था। शासन ने निविदा प्रक्रिया समन्वयक (बी.पी.सी.) के लिये आर.ई.सी.पी.डी.सी.एल. (आरईसी पॉवर डेवलपमेंट एंड कंसलटेंसी लिमिटेड) को नियुक्त किया।

## फर्जी कॉल सेंटर मामले में रिश्वत लेते धराये एएसआई पवन की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

भोपाल(ए)। राजधानी भोपाल में पकड़ाये फर्जी कॉल सेंटर के आरोपियों को बचाने के लिए रिश्वत लेने वाले मुख्य आरोपी सस्पेंड और अब फरार एएसआई पवन सिंह रघुवंशी की अग्रिम जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। उल्लेखनीय है कि फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ होने पर मामले में पवन रघुवंशी ने फर्जी कॉल सेंटर के आरोपी अफजल खॉन और मोइन खॉन को बचाने के लिए 4 लाख 95 हजार रुपए की ?रिश्वत ली थी। फरार आरोपी पवव रघुवंशी की ओर से प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम प्रताप मिश्र की कोर्ट में अग्रिम जमानत आवेदन पेश किया गया था। पवन की ओर से वकील द्वारा तर्क पेश किया गया था, की परिवार में वही एक कमाने वाला है, इसलिये उसे अग्रिम जमानत का लाभ दिया जाए। लेकिन पुलिस की और से जमानत का विरोध करते हुए कहा गया कि फरार आरोपियों की कॉल डिटेल और बैंक खातों की जांच के साथ ही कई अन्य बिंदुओं पर जांच जारी है, ऐसे में आरोपी को जमानत का लाभ देना उचित नहीं होगा।

## मंडल रेल प्रबंधक भोपाल ने किया भोपाल-बीना खंड, रेलवे ओवरब्रिज एवं बीना स्टेशन का व्यापक निरीक्षण

### संरक्षा, सुविधा और संरचना - तीनों मोर्चों पर चला मंडल रेल प्रबंधक का निरीक्षण

भोपाल,(निप्र)। पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने आज भोपाल-बीना रेलखंड का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य संरक्षा मानकों का परीक्षण, रेलवे अवसंरचना की समीक्षा एवं यात्री सुविधाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना था। मंडल रेल प्रबंधक ने समपार फाटकों पर बन रहे रेलवे ओवरब्रिज कार्यों की प्रगति की भी बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने दीवानगंज-सलामतपुर के बीच स्थित समपार संख्या 262, गंजबासौदा-बरेठ के बीच समपार संख्या 291, मंडीबामोरा रोड पर समपार संख्या 300, तथा मंडीबामोरा-कुरवाई कैथोरा के बीच समपार संख्या 302 पर ROB निर्माण कार्यों की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही इन समपार फाटकों का निरीक्षण किया एवं गेटमैनो से संवाद कर संरक्षा पालन के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने कार्यस्थलों पर उपस्थित



अधिकारियों को निर्देशित किया कि च्चे्रल ओवरब्रिज का निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। यात्रियों एवं वाहन चालकों की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु इन कार्यों में अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं है इसके साथ ही मंडीबामोरा में उन्होंने गैंग संख्या 29 के ट्रैकमैनों से संवाद कर ग्राउंड स्तर की चुनौतियों की जानकारी ली और उनका मनोबल बढ़ाया। बीना स्टेशन पर पहुंचकर मंडल रेल प्रबंधक श्री त्रिपाठी ने पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया। उन्होंने यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, प्लेटफॉर्म विकास, फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट, एस्केलेटर आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके बाद मंडल रेल प्रबंधक ने बीना की क्रू लॉबी का निरीक्षण करते हुए लोको पायलटों और सहायक लोको पायलटों से परिचालन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। स्क्रक्रष्ठ की रोकथाम, विश्राम अवधि, ड्यूटी शेड्यूल, तथा भोजन की गुणवत्ता जैसे विषयों पर फीडबैक लिया गया। रनिंग रूम में उन्होंने भोजन, विश्राम सुविधाएं और स्वच्छता की स्थिति का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के अंतिम चरण में मंडल रेल प्रबंधक ने ट्रेन संख्या 18238 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के लोकोमोटिव में बीना से भोपाल तक फुटप्लेट निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ट्रैक संरचना, पुलों, सिग्नलिंग सिस्टम एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

# 01601/01602 भोपाल-इटावा-भोपाल अनारक्षित मेला स्पेशल



भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा हनुमान जयंती मेला 2025 के अवसर पर यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्रीभार क्लियर करने के उद्देश्य से भोपाल मंडल द्वारा एक अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि गाड़ी संख्या 01601/01602 भोपाल-इटावा-भोपाल अनारक्षित मेला स्पेशल गाड़ी का संचालन कुल 07 फेरे के रूप में किया जाएगा। यह गाड़ी भोपाल से दिनांक 30 मार्च, 01, 03, 05, 07, 10 एवं 12 अप्रैल 2025 को एवं इटावा से भी इन्हीं तारीखों को चलाई जाएगी।

**गाड़ी संख्या 01601 भोपाल से इटावा**

यह गाड़ी भोपाल स्टेशन से प्रात: 04.50 बजे प्रस्थान करेगी और मार्ग में क्रमशः विदिशा (05.31 बजे), गंज बासौदा (06.01 बजे), मंडी बामौरा (06.24 बजे), बीना (06.45 बजे), मुंगावली (07.20 बजे), अशोक नगर (07.57 बजे), गुना (09.15 बजे), बदरवास (10.22 बजे), कोलारस (11.13 बजे), शिवपुरी (11.35 बजे), मोहाना (12.26 बजे), घाटीगांव (12.53 बजे), पनिहार (13.11 बजे), ग्वालियर (14.10 बजे), शनिचरा (14.32 बजे), मालनपुर (14.44 बजे), जांवल (15.01 बजे), सोनी (15.17 बजे), भिंड (15.55 बजे) होते हुए इटावा स्टेशन पर अपराह्न 16.55 बजे पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 01602 इटावा से भोपाल**

वापसी दिशा में यह गाड़ी इटावा स्टेशन से सायं 17.40 बजे प्रस्थान करेगी और मार्ग में भिंड (18.25 बजे), सोनी (19.03 बजे), जांवल (19.22 बजे), मालनपुर (19.39 बजे), शनिचरा (20.10 बजे), ग्वालियर (21.15 बजे), पनिहार (21.45 बजे), घाटीगांव (22.33 बजे), मोहाना (23.03 बजे), शिवपुरी (00.20 बजे), कोलारस (00.45 बजे), बदरवास (01.08 बजे), गुना (02.50 बजे), अशोक नगर (03.54 बजे), मुंगावली (04.31 बजे), बीना (05.05 बजे), मंडी बामौरा (05.28 बजे), गंज बासौदा (05.49 बजे), विदिशा (06.16 बजे) होते हुए भोपाल स्टेशन पर प्रात: 08.05 बजे पहुंचेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

## लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह के नेतृत्व में अध्ययन दल ने किया अयोध्या में सरयू नदी पर घाटों का भ्रमण

भोपाल (ए.)। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने आज अयोध्या में सरयू नदी पर बने घाटों का भ्रमण किया। इस दौरान सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव, विभागीय सलाहकार समिति के सदस्य प्रशांत पोल, विशेष सहायक राहुल सिंह राजपूत, मुख्य अभियंता गोपाल सिंह, स्थानीय प्रशासन के अधिकारी एवं डीपीआर तैयार करने वाली एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंत्री श्री सिंह के नेतृत्व में अध्ययन दल ने सरयू नदी पर नवनिर्मित घाटों की स्थापत्य कला, रामपथ, राम की पैड़ी, पार्किंग व्यवस्था, सौंदर्यीकरण, म्यूरल वर्क और पर्यटकों व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या में PPCL से मुख्य अभियंता राजेश कुमार, सरयू नहर डिवीजन के कार्यपालन यांत्रिक पारस नाथ एवं लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री एसपी भारती ने मंत्री राकेश सिंह को सरयू नदी के तट पर नवनिर्मित घाटों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## सनी लियोनी की फिल्म के लिए भोपाल आए मेकअप आर्टिस्ट की संदिग्ध मौत, होटल के बाथरूम में मिला शव, जताई जा रही ये आशंका



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक बेहद ही हैरान करने वाली घटना सामने आई है। जहां एक मेकअप आर्टिस्ट की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि मेकअप आर्टिस्ट सलीम बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोन की फिल्म की शूटिंग के लिए मुंबई से भोपाल आया था। जहां एक होटल में एक अन्य साथी के साथ रुका हुआ था। उसके साथी ने बाथरूम में देर रात मेकअप आर्टिस्ट का शव पड़ा हुआ देखा। जानकारी के मुताबिक घटना एमपी नगर थाना क्षेत्र की है। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अंदेशा जाहिर कर रही है कि मेकअप आर्टिस्ट की मौत साइलेंट अटैक से हुई होगी। फ्लिहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के सामने आने के बाद ही मौत की असल वजह पता चल पाएगी। फ्लिहाल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**भोपाल में होनी थी फिल्म की शूटिंग**

जानकारी के मुताबिक यहां बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोन की फिल्म की शूटिंग होनी थी, जिसके लिए पूरी टीम राजधानी आई हुई थी। मेकअप आर्टिस्ट की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर ने सभी को हैरान कर दिया है। पुलिस ने बताया कि सलीम एक अन्य सदस्य के साथ होटल में ठहरा हुआ था, जहां से उसका शव बरामद हुआ। सलीम के साथ आए व्यक्ति ने बताया कि उसने देर रात बाथरूम में सलीम का शव देखा, जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। एमपी नगर पुलिस को शक है कि सलीम की मौत साइलेंट अटैक से हुई है।

# विविध-समाचार

## नौकरी से निकाले गए 550 टेलीमेडिसिन कर्मचारीः बीते पांच साल से दे रहे थे सेवाएं, भुखमरी की कगार पर परिवार

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश में टेलीमेडिसिन कर्मचारियों की उनके सामने गुजर बसर की समस्या खड़ी हो गई है। दरअसल, प्रदेश के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पिछले पांच वर्ष से कार्यरत 550 टेलीमेडिसिन लैब टेक्नीशियन को बिना कोई कारण बताए केवल मौखिक निर्देशों से सेवा से पृथक कर दिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि नौकरी चले जाने से उनका परिवाह भुखमरी की कगार पर है।दरअसल, मध्य प्रदेश में दूर दराज गांव के लोगों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवा उपलब्ध कराने वाली अतिलोकप्रिय महत्त्वाकांक्षी योजना अकारण बंद कर दी गई। प्रदेश सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना, जिसमें सुदूर गांव देहात में रहने वाले लोगों को दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बैंगलुरू, हैदराबाद जैसे महानगरों में बैठे विशेषज्ञ डॉक्टरों का चिकित्सकीय परामर्श वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए दिलाया जाता था। ये लैब टेक्नीशियन गांव देहात के लोगों की वीडियो कॉफ्रेंसिंग कराने का काम करते थे और वीडियो कॉफ्रेंसिंग करवाने के बाद उन ग्रामीण मरीजों का चिकित्सकीय रिकॉर्ड भी संभालते थे। लैब टेक्नीशियन कर्मचारी सभी जगहों पर गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कोई सुनने तैयार नहीं है। ये तकनीकी शिक्षा प्राप्त अनुभवी कर्मचारी हैं। इनका उपयोग स्वास्थ्य विभाग की अन्य योजनाओं में भी किया जा सकता है लेकिन कोई इनकी बात नहीं सुन रहा है।

## लक्ष्मण सिंह ने पार्टी के कामकाज पर फिर उठाए सवालः बोले- कांग्रेस के अंदर वे लोग हावी जो बीजेपी से जुड़े हुए

भोपाल (आरएनएस)। पार्टी गाइडलाइन के विपरीत बोलने और नेताओं को नसीहत देने वाले दिग्विजय सिंह के भाई और पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने कांग्रेस पार्टी के कामकाज पर एक बार फिर सवाल उठाए है। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि- पार्टी के अंदर वो लोग हावी जो बीजेपी से जुड़े हुए है।

जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि- कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने वाले लोग संगठन में हावी है। ऐसे लोगों के भरोसे जो नेता है उनका भविष्य भी खतरे में है। कहा- कांग्रेस समर्थित पंचायत प्रतिनिधि भ्रष्टाचार में लिप्त है, ऐसे प्रतिनिधि हवा देखकर बीजेपी से जुड़ जाते हैं। ऐसे लोगों से पार्टी को दूरी बनाना चाहिए इससे चुनाव में नुकसान होता है। आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी में बहुत कुछ सोच समझ कर करने की आवश्यकता है? लक्ष्मण सिंह पहले भी सोशल मीडिया पर ट्वीट के माध्यम से कई बार पार्टी की नीतियों की आलोचना कर चुके हैं। अब वीडियो जारी कर बड़ा बयान दिया है।

## मकान धोकर सड़क पर पानी बहाकर गंदगी फैलाने वाले 04 मकान मालिकों पर किया 2 हजार रु. का जुर्माना

भोपाल(आरएनएस)। नगर निगम, भोपाल द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर नये-नये नवाचार कर भोपाल को स्वच्छता में नं. 01 बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। निगम द्वारा शहर के मुख्य मार्गों/मार्गों एवं सेन्ट्रल वर्ज/साइड वर्ज तथा ग्रीन एरिये में बेहतर साफ-सफाई कर आकर्षक पेंटिंग एवं चित्रकारी की गई है। निगम द्वारा शहर के सौन्दर्य को बिगाड़ने एवं स्वच्छता में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही निरंतर की जा रही है और इसी कड़ी में स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में जोन क्र. 14 के अमले द्वारा वार्ड क्र. 60 तुलसी विहार कालोनी अवधपुरी में अपने मकानों को धोकर सड़क पर पानी फैलाकर गंदगी करने वाले 04 रहवासियों पर 02 हजार रूपये का जुर्माना किया।

जोन क्र. 14 के अंतर्गत वार्ड क्र. 60 तुलसी विहार कालोनी फेस-01 अवधपुरी के मकान नं. 46 दिलीप पुष्टी, मकान नं. 50 राजेन्द्र कुमार यादव, मकान नं. 51 दिनेश कुमार सिंह एवं मकान नं. 52 मुकेश कुमार शर्मा द्वारा अपने मकानों को धोकर गंदा पानी सड़क पर बहाने व गंदगी फैलाने वालों को बार-बार समझाइश देने के बाद भी पुनः पानी बहाकर गंदगी फैलाने पर सख्ती से कार्यवाही करते हुए 500 रूपये प्रति व्यक्ति जुर्माना किया गया तथा उन्हें भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न करने की सख्त चेतावनी भी दी गई।

## अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया ई-आफिस प्रणाली का प्रशिक्षण

भोपाल (आरएनएस)।शासन द्वारा समस्त शासकीय विभागों में ई-आफिस प्रणाली को लागू किया जाना है। ई-आफिस का प्रशिक्षण निरंतर जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी अंतर्गत निर्मित ई-दक्ष केंद्र भोपाल में दिया जा रहा है। इससे आधुनिक तकनीकी का उपयोग करके कार्यालयों का संचालन किया जा सकेगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन ई-दक्ष केंद्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक रिंकेश जैन एवं प्रशिक्षक अमित सराठे द्वारा किया जा रहा हैं। जिले में ई- ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर भोपाल के निर्देशानुसार जिला स्तर पर स्थित कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-कार्यालय प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभाग जैसे सामाजिक न्याय , खनिज संसाधन, सहकारिता विभाग, जिला लोक अभियोजन कार्यालय, परिवहन, खेल और युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन, योजना आर्थिक एवं सांख्यकी, महिला एवं बाल विकास भोपाल, उद्यानिकी, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के विभिन्न कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका हैं।

## जिला पंचायत, भोपाल की साधारण सभा सामान्य प्रशासन समिति की बैठक संपन्न

भोपाल (आरएनएस)। गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुंवर गुर्जर की अध्यक्षता में जिला पंचायत, भोपाल की साधारण की बैठक का आयोजन जिला पंचायत, सभागार में किया गया है।सर्वप्रथम सामान्य प्रशासन समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पंचायत की समस्त योजनाओं एवं उनसे संबंधित आय-व्यय की समीक्षा की गई। तत्पश्चात दोपहर साधारण सभा की बैठक आयोजित हई। बैठक में पूर्व की बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। चर्चा उपरांत सम्बन्धित विभाग प्रमुख द्वारा योजनाओं का विस्तृत प्रजेण्टेशन जनप्रतिनिधिगणों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी इला तिवारी द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए पानी की व्यवस्था किये जाने के लिए निर्देशित किया।

# उज्जैन में होने वाला है ऐसा आयोजन, जिसमें शामिल होने आएंगे गोविंदा, CM मोहन यादव भी रहेंगे मौजूद

उज्जैन (ए.)। वैसे तो धार्मिक नगरी उज्जैन में झूलेलाल जयंती का पर्व पिछले एक सप्ताह से धूमधाम से मनाया जा रहा है। लेकिन रविवार को झूलेलाल जयंती का मुख्य कार्यक्रम आयोजित होने वाला है, जिसको लेकर एक भव्य वाहन रैली टावर चौक फ्रीगंज से शुरू होगी। जो की प्रमुख मार्ग से होती हुई इंदिरा नगर पहुंचेगी। इस रैली का मुख्य आकर्षण सुपरस्टार गोविंदा रहेंगे। जबकि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस रैली को केसरिया ध्वज दिखाकर टावर चौक से इसे प्रारंभ करवाएंगे और समाजजनों को झूलेलाल जयंती की बधाइयां भी देंगे। सिंधु जागृत समाज के उपाध्यक्ष गोपाल बलवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था के मुख्य संयोजक महेश परयानी और संतोष लालवानी के नेतृत्व में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी एक भव्य वाहन रैली शहर में निकाली जाने वाली है। जो कि 30 मार्च रविवार को नगर में धूमधाम से निकलेगी। इस रैली की विशेषता यह रहेगी की रैली को सफल बनाने के लिए अभी से रैली के संयोजक कपिल बासानी, किशोर मुलानी,



कमल सहलानी, धर्मेंद्र खूबचंदानी और हरीश टेकवानी रैली की तैयारियों में जुट चुके हैं। जो कि समाजजनों के घर पहुंच कर उन्हें पीले चावल देकर रैली में आने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। संस्था के अध्यक्ष प्रताप रोहरा और सचिव महेश गंगवानी ने बताया कि 30 मार्च रविवार को निकलने वाली यह रैली वैसे तो टावर चौक फ्रीगंज से शुरू होगी। लेकिन इस रैली में समाजजन गीता कॉलोनी झूलेलाल मंदिर और सिंधी कॉलोनी से एकत्रित होकर पहुंचेंगे। इसके बाद टावर चौक से एक भव्य रैली की शुरुआत होगी। इस रैली का मुख्य आकर्षण फिल्म स्टार गोविंदा रहेंगे, जो की टावर चौक पर समाजजनों को झूलेलाल जयंती की बधाई देने के साथ ही अपनी प्रस्तुति भी देंगे।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी रहेंगे शामिल**

झूलेलाल जयंती पर निकाली जाने वाली वाहन रैली में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वह टावर चौक पर इस यात्रा को केसरिया ध्वज दिखाकर रवाना करेंगे। साथ ही समाजजनों को बधाई देने के बाद उद्बोधन भी देंगे। इस दौरान निगम सभापति कलावती यादव, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा और अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे।

## महाकालेश्वर मंदिर के मुख्य शिखर पर इस नव वर्ष को लहराएगा सूर्य चिन्ह वाला केसरिया ब्रह्म ध्वज





उज्जैन (ए.)। हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर श्री महाकालेश्वर मंदिर में एक विशेष धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। इस साल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर मंदिर के मुख्य शिखर पर सूर्य चिन्ह वाला केसरिया ब्रह्म ध्वज फहराया जाएगा। यह ध्वज प्रदेश भर के प्रमुख मंदिरों और संस्थाओं में भी लगाया जाएगा। साथ ही मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना, भोग आरती और पंचांग पूजन की प्रक्रिया भी होगी।

हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर श्री महाकालेश्वर मंदिर के शिखर पर ध्वज बदलने की परंपरा का पालन प्रतिवर्ष किया जाता है। लेकिन इस बार मंदिर के शिखर पर ब्रह्म ध्वज को फहराया जाएगा, जो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से प्रदान किया गया है। सम्राट विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विक्रम संवत ज्ञान, संस्कृति, विज्ञान और अनुसंधान का महापर्व है। इस दिन ब्रह्म ध्वज का फहराया जाना एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कड़ी को जोड़ता है। उन्होंने बताया कि इस ध्वज को पं. सूर्यनारायण व्यास परिवार से प्रेरणा लेकर तैयार किया गया, जिन्होंने 65 वर्षों तक इस ध्वज को सुरक्षित पूजा स्थान पर रखा था।

## आईटी इंजीनियर महिला के साथ 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर 8 लाख की ठगी, क्राइम ब्रांच ने दर्ज किया केस



इंदौर (ए.)। क्राइम ब्रांच थाने में अन्नपूर्णा निवासी कनुप्रिया गुप्ता की शिकायत पर अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि 4 नवंबर 2024 को शाम 4 बजे उन्हें एक फोन कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को फेडेक्स कोरियर सर्विस का कर्मचारी बताया। उसने कहा कि सिंगापुर से मुंबई भेजे गए उनके नाम के एक पार्सल में भारी मात्रा में ड्रग्स मिली है, जिसे जब्त कर लिया गया है। इसके बाद ठगों ने कॉल को स्काइप पर मुंबई की एक आईडी से कनेक्ट किया और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

**ब्लैकमेल कर बैंकिंग जानकारी हासिल की**

कॉल पर मौजूद व्यक्ति ने अपना कैमरा बंद रखा और सिर्फ आवाज के जरिए महिला को डराने लगा। आरोपी ने धमकी दी कि अगर उन्होंने सहयोग नहीं किया, तो उनकी तस्वीरों को एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जाएगा और मीडिया में खबरें चला दी जाएंगी। इस डर से महिला ने अपनी बैंकिंग जानकारी साझा कर दी।

## कंटेनर और ट्रक में हुई सीधी भिड़ंत, हादसे में एक की मौत, चार लोग घायल



सागर (ए.)। सागर से होकर गुजरने वाले नेशनल हाइवे-44 इन दिनों हादसों का हाइवे बनता जा रहा है। इस हाइवे पर लगभग प्रतिदिन दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं, जिनमें लोग काल कवलित हो रहे हैं। आए दिन सामने आने वाली दुर्घटनाओं का एक कारण है कि इन दिनों सड़क पर झांसी से नरसिंहपुर तक क्षतिग्रस्त हिस्सों के डामरीकरण का काम चल रहा है, जिसने सड़क निर्माण कंपनी कभी भी कहीं भी सड़क को बंद कर देती है और इसकी अनदेखी से दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है।

ताजा हादसा सागर के बरोदिया कलां कस्बे के पास सामने आया। जहां एक ट्रक और कंटेनर की जोरदार भिड़ंत हो गई। मालथोन थाना के बरौदिया कलां चौकी अंतर्गत होटल राज विराज के सामने गुरुवार रात एक बजे के करीब घटित हुआ। हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि चार अन्य घायल हुए हैं, जिन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

बरौदिया कलां चौकी प्रभारी धनेंद्र यादव ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वाहन क्रमांक एचआर-38 जेड-6282 मालथोन से सागर की तरफ जा रहा था। तभी सामने से गलत साइड से आ रहे ट्रक क्रमांक आरजे-11 जीसी-3221 ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें कंटेनर चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

## 12वीं की छात्रा ने खाया जहर, अस्पताल में मौत

इंदौर (ए.)। इंदौर के संजय नगर क्षेत्र में एक 18 वर्षीय युवती ने गुरुवार को जहर खाकर आत्महत्या कर ली। राजेंद्र नगर पुलिस ने बताया कि खुशी (18) पुत्री संजय वर्मा ने अपने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिवार के लोग उसे पहले एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया।

# 2 बार अस्पताल से लौटाया, तीसरी बार ठेले से प्रसूता को ले जाते समय रास्ते में हुई डिलीवरी, नवजात की मौत



रतलाम (ए.)। रतलाम के सैलाना नगर में मानवता को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। प्रसव पीड़ा होने के बाद दो बार महिला का पति उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया। लेकिन मौजूद स्टॉफ ने उसे बच्चा देर से होने की बात कहते हुए लौटा दिया। तीसरी बार जब अधिक प्रसव पीड़ा होने पर वह उसे ठेला गाड़ी से लगभग स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहा था। तभी रास्ते में उसकी डिलीवरी हो गई, जिसमें बच्चे की मौत हो गई।

सैलाना के कालिका माता रोड निवासी कृष्णा पिता देवीलाल ग्वाला थेलागाड़ी में चने सिंगदाने बेचने का काम करता है। उसने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों की लापरवाही के कारण उनकी पत्नी नीतू के गर्भ में ही बच्चे की मौत हो गई है। उसने बताया कि 23 मार्च सुबह नौ बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी के लिए पत्नी नीतू को लेकर गया था। जहां पर उपस्थित नर्स चेतना चारेल ने गर्भवती पत्नी को देखकर कहा कि अभी बच्चा होने में दो-तीन दिन की देरी है। इसलिए वह उसे वापस घर ले जाए। इस पर वह नीतू को घर ले कर आ गया। लेकिन 23 मार्च की रात एक बजे उनकी पत्नी को फिर प्रसव पीड़ा हुई तो कृष्णा पत्नी नीतू को अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां ड्यूटी नर्स गायत्री पाटीदार ने चेकअप कर 15 घंटे का समय बताकर उसे भर्ती नहीं किया। नर्स के कहने पर वह पत्नी को लेकर घर आ गया।

कृष्णा ग्वाला ने बताया कि लगभग एक घंटे बाद ही फिर उसकी पत्नी को प्रसव पीड़ा हुई तो वह ठेला गाड़ी से उसे अस्पताल ले जा रहा था, तभी रास्ते में ही डिलीवरी हो गई और बच्चे की मौत हो गई। कृष्णा ने एसडीएम मनीष जैन को दी शिकायत में बच्चे की मौत का जिम्मेदार अस्पताल प्रशासन को ठहराया है। उसने जांच कर जिम्मेदार दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कृष्णा ने बताया कि 2023 में उसकी पहली पत्नी की डिलीवरी हुई थी, जिससे उसे एक लड़का है।

**हमारी लापरवाही नहीं रही**

ड्यूटी नर्स चेतना चारेल ने बताया कि महिला को उसका पति लेकर आया था। उसका चेकअप किया था। उन्हें दो-तीन दिन बाद आने का नहीं कहा था। दर्द बढ़ने पर डिलीवरी शाम तक या दो-तीन दिन भी निकल सकते हैं।

## पचास से ज्यादा फर्जी खाते बैंकों में खोल रखे थे भावना हत्याकांड के दोनो आरोपियों ने



मुकुल यादव, आरोपी



भावना सिंह, मृतक

इंदौर (ए.)। महालक्ष्मी नगर में हुए भावना सिंह हत्याकांड के आरोपी अब सलाखों के पीछे है। पुलिस हत्या के केस के साथ आरोपियों के सट्टे के कारोबार की भी जांच कर रही है, ताकि उसके जरिए गिरोह में शामिल दूसरे सदस्य भी पकड़े जा सके।

आरोपी आशु और मुकुल ने मोबाइल की फर्जी सीम बड़े पैमाने पर खरीदी थी। उनके जरिए वो बैंकों में फर्जी खाते खोले थे, ताकि आनलाइन सट्टे का पैसा उन खातों में ट्रांसफर किया जा सके।

सट्टेबाजी में उनके साथ और कौन-कौन शामिल है। इसकी पड़ताल भी पुलिस अफसर कर रहे हैं। मुकुल और आशु का वैसे पुलिस को पुराना आपराधिक रिकार्ड नहीं मिला। दोनों पहले एक कंपनी में काम करते थे। साल भर पहले ही उन्होंने नौकरी छोड़कर सट्टेबाजी का काम शुरू किया था। एप के जरिए वे नए लोगों को इससे जोड़ते थे।

आरोपियों के जिन दोस्तों ने फ्लैट का रेंट एग्रीमेंट कराया था, क्या वे भी सट्टेबाजी में उनके साथ शामिल थी। इसकी भी जांच की जा रही है।

**एक दिन पहले भी की थी पार्टी**

भावना इंदौर में मेकअप का कोर्स करने के लिए ग्वालियर से हत्या के तीन दिन पहले ही आई थी। वह एक होटल में रुकी थी। हत्या के एक दिन पहले भी वह आरोपियों के साथ फ्लैट में पार्टी करने गई थी। स्वस्ति राय भावना की सहेली थी, लेकिन भावना ग्वालियर के निवासी होने के कारण आशु और मुकुल को भी पहले से जानती थी,इसलिए वह पार्टी में जाने के लिए तैयार हो गई थी।



# गुड़ी पाड़वा से पहले फिर रिकॉर्ड स्तर पर सोना; सर्राफ बाजार में निवेश पर जानकारों की राय जानें



मुंबई (ए.)। गुड़ी पाड़वा, नवरात्र और रमजान ईद जैसे त्योहार एक साथ आने की वजह से सोने-चांदी का बाजार में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। वैश्विक बाजार में 28 मार्च को सोने की कीमत लगातार दूसरे दिन 3,077-3,078 डॉलर के बीच रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। त्याहारों के ठीक पहले सोने की कीमतों आई इस उछाल से जानकार भी उत्साहित हैं। इन खास मौकों को देखते हुए सोने में खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है। बीते कुछ समय में बढ़ी हुई कीमतों के कारण आभूषणों की मांग पर प्रभाव पड़ा है, लेकिन दूसरी ओर सोने की निवेश मांग में तेजी आई है। विशेषज्ञों का कहना है कि निवेश में अधिक मांग गोल्ड ईटीएफ, सिक्कों की है। जानकारों की सर्राफ बाजार की चाल पर क्या राय है, आइए जानते हैं।

**उपभोक्ताओं का सोने में विश्वास पहले से कहीं अधिक मजबूत**

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के क्षेत्रीय सीईओ, भारत सचिन जैन का कहना है, पीढ़ियों से सोना भारतीय संस्कृति में निवेश से कहीं अधिक बढ़कर रहा है। यह शगुन का प्रतीक होने के साथ भारतीय परिवारों में एक मजबूत पैठ रखता है। इस साल सोने की कीमतों नई एतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गईं हैं, जो मौजूदा समय में 90,000 रुपये प्रति दस ग्राम से ऊपर है। इसकी वजह से आभूषणों की मांग प्रभावित हुई है, लेकिन दूसरी ओर गोल्ड ईटीएफ, डिजिटल गोल्ड और सिक्के व बार की मांग देखी गई है। जिस प्रकार से सोने ने साल दर साल रिटर्न दिया है, उसको देखते हुए सोने में उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ा है।

वे कहते हैं कि गुड़ी पाड़वा, उगादी, चैत्र नवरात्र और रमजान ईद जैसे त्योहारों के आने के साथ ही सोने की चमक बढ़ेगी, क्योंकि इस अवसर सोने की खरीदारी शुभता के लिए की जाती रही है, इसलिए उम्मीद है कि इस दौरान आम उपभोक्ता की ओर से खरीदारी दिखाई देगी। इसके अतिरिक्त मौसमी वजहों और शादी ब्याह से जुड़ी खरीदारी बढ़ने की संभावना है, हालांकि उद्योग जगत थोड़ा सतर्क है। बावजूद इसके उपभोक्ताओं में सोने में लेकर पहले से कही अधिक विश्वास मजबूत हुआ है, हमें उम्मीद है कि आगामी हफ्तो में मांग मजबूत होगी।

**जानकार बोले- चांदी में भी निवेश का है बेहतर मौका**

सिल्वर इम्पोरियम के राहुल मेहता बताते हैं कि यह समय सोने-चांदी में निवेश करने के लिए अच्छा है। इसमें चांदी जो कि एक बेहतर निवेश के तौर पर सामने आई है, वर्तमान समय में चांदी 98,938 प्रति रुपये किलो पर है।

## सेंसेक्स 191 अंक गिरकर बंद हुआ; निफ्टी 23500 के ऊपर पहुंचा, आईटी शेयरों में गिरावट



नई दिल्ली (ए.)। घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुए। उतार-चढ़ाव भरे कारोबारी सत्र में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 191.51 अंक या 0.25 प्रतिशत गिरकर 77,414.92 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह सूचकांक 420.81 अंक या 0.54 प्रतिशत गिरकर 77,185.62 अंक पर पहुंच गया था। दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 72.60 अंक या 0.31 प्रतिशत गिरकर 23,519.35 पर आ गया। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 में सेंसेक्स अब तक सेंसेक्स 3,763.57 अंक या 5.10 प्रतिशत और निफ्टी निफ्टी 1,192.45 अंक या 5.34 प्रतिशत तक मजबूत हुआ है।

**सेंसेक्स में शामिल इंडसइंड बैंक में 3.50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट**

सेंसेक्स में शामिल इंडसइंड बैंक में 3.50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। एचसीएल टेक, मारुति, इंफोसिस, जोमैटो, पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अल्ट्राटेक सीमेंट भी पिछड़ गए। कोटक महिन्द्रा बैंक, हिन्दुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, नेस्ले और भारती एयरटेल के शेयरों में तेजी रही।



## AC: गर्मी की दस्तक से पहले एसी के दाम में 5% का इजाफे की संभावना, टैरिफ और रुपये की गिरावट बन सकती है कारण

मुंबई (ए.)। रिफ वार और कमोडिटीज की कीमतों में तेजी से अप्रैल में एसी की कीमतों में 5% का इजाफा हो सकता है। इसका बड़ा कारण डॉलर की तुलना में रुपये में गिरावट भी है। हालांकि इस मामले में ब्लू स्टार के एमडी बी त्यागराजन ने कहा, कंपनी अप्रैल में घरेलू एसी की कीमतों में 4-5 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकती है।

भीषण गर्मी के शुरू होते ही एसी के लिए ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। कंपनियां अप्रैल से चार से पांच फीसदी तक दाम बढ़ा सकती हैं। इसका कारण यह है कि एक तो टैरिफ वार और दूसरा कमोडिटीज की कीमतों में लगातार तेजी है। साथ ही, डॉलर की तुलना में रुपये में जारी गिरावट से कंपनियों के मार्जिन पर असर पड़ रहा है।

**ब्लू स्टार के एमडी ने दी जानकारी**

ब्लू स्टार के एमडी बी त्यागराजन ने कहा, कंपनी अप्रैल में घरेलू एसी की कीमतों में 4-5 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकती है। कमजोर होते रुपये के कारण आयात लागत में वृद्धि और आपूर्ति में व्यवधान मार्जिन प्रभावित कर रहा है। कम्प्रेसर के लिए दो प्रमुख चीनी आपूर्तिकर्ताओं पर कंपनियां निर्भर हैं, जिनकी भारत में भी विनिर्माण इकाइयां हैं, लेकिन यहां उनकी उत्पादन क्षमता कुल मांग का केवल 25 फीसदी ही है।

# एक अप्रैल से मरीजों की जेब पर बढ़ेगा बोझ, बुखार-शुगर समेत इन बीमारियों की दवा हो सकती है महंगी

नई दिल्ली (ए.)। आगामी एक अप्रैल 2025 से नया वित्तीय वर्ष शुरू हो रहा है। इसके साथ ही तमाम क्षेत्रों में कई नए नियम लागू होंगे। इन नियमों का सीधा असर आम आदमी की जेब पर नजर आएगा। नए वित्तीय वर्ष से मौसमी बुखार और एलर्जी जैसी कई बीमारियों की दवा के रेट में इजाफा हो सकता है।

हाल ही में कई आम बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी को सरकार ने मंजूरी दे दी है। जिन दवाओं की कीमतें अगले महीने से बढ़ने जा रही हैं। इनमें से कई का इस्तेमाल डायबिटीज, बुखार और एलर्जी जैसी आम बीमारियों में किया जाता है। जबकि कुछ दवाओं का इस्तेमाल पेन किलर की रूप में होता है। इन दवाओं के बढ़ती कीमतों के पीछे कच्चे माल की बढ़ती लागत बताया जा रहा है।

कंपनियां इसी वजह से लगातार कीमतों में बढ़ोतरी की मांग कर रही थीं। हालांकि इन दवाओं की दामों में इजाफा सीमित ही होगा। दरअसल,



सरकार ने जरूरी दवाओं की लिस्ट यानी नेशनल लिस्ट ऑफ एसेंशियल मेडिसिन में शामिल दवाओं के दाम में 1.74 प्रतिशत तक बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। इनमें पेरासिटामोल, एजिथ्रोमाइसिन, एंटी-एलर्जी, एंटी-एनीमिया, और विटामिन और मिनरल्स की दवाएं शामिल हैं।

केंद्र सरकार ने जिन दवाओं की कीमतें बढ़ाने की मंजूरी दी है। उनकी रेट में बढ़ोतरी होलसेल प्राइस इंडेक्स के आधार पर तय की गई है। इस बार होलसेल प्राइस इंडेक्स में 1.74 प्रतिशत की बढ़त आई है। दवाओं के भाव अब इसी हिसाब से दाम बढ़ाए जा रहे हैं। फार्मा कंपनियों का कहना है कि,हम लंबे वक्त से कीमतें बढ़ाने की मांग कर रही थे। कच्चे माल की कीमत, यानी दवा बनाने वाले कंपोनेंट्स के दाम पिछले कुछ समय से बढ़ रहे थे, जिसकी वजह से लागत भी बढ़ गई है।

नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी से जुड़े लोगों का कहना है कि, दवाओं की कीमतों में यह बढ़ोतरी मुद्रास्फीति आधारित मूल्य संशोधन के कारण की जा रही है। हर साल सरकार आवश्यक दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए एक संशोधन करती है। इस बार थोक मूल्य सूचकांक में वृद्धि के चलते दवा कंपनियों को कीमतें बढ़ाने की अनुमति दी गई है।

## रुपया 18 पैसे मजबूत होकर 85.56 डॉलर पर




मुंबई (ए.)। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले 85.64 पर खुला। फिर 85.56 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 18 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.74 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 104.30 पर रहा। विदेशी मुद्रा कोरोबारियों ने बताया कि पिछले चार सत्र में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर में दो अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है, जबकि भारतीय बॉण्ड में मासिक आधार पर प्रवाह तीन अमेरिकी अरब डॉलर से अधिक हो गया है। हालांकि, निवेशकों के बढ़ती वैश्विक व्यापार चिंताओं के संभावित आर्थिक प्रभाव से जूझने से स्थानीय मुद्रा की बढ़त

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## शाति की संभावना अनिश्चितता

जनवरी में हुए युद्ध विराम से लगने लगा था कि शायद कोई ऐसा मजबूत समझौता हो जाएगा जिससे मध्य-पूर्व की स्थिति में लंबे समय से सामने आ रहा तबाही का मंजर बदल जाएगा और फिलिस्तीनियों को अपने आपको फिर से खड़ा करने के लिए थोड़ी राहत मिलेगी।

लेकिन गाजा पट्टी में इजरायल के अचानक हुए हमले में एक बार फिर शांति की संभावनाओं को अनिश्चितता की ओर धकेल दिया है। हमले में चार सौ लोगों के मारे जाने का समाचार है जिनमें बड़ी संख्या में औरतें और बच्चे भी हैं। वैसे तो युद्ध का अपना तर्क होता है कि बम और गोलियां चाहे जिस ओर से चलें और चाहे जिस पर चलें बूढ़े-बच्चों का भेद नहीं करती हैं। हमास ने भी 7 अक्टूबर, 2023 के हमले में भयानक बर्बरता का परिचय दिया था और उसमें भी औरतों और बच्चों का कोई लिहाज नहीं किया गया था। लेकिन मानवीयता कहती है कि बर्बरता का उत्तर हमेशा बर्बरता ही नहीं होता। हालांकि इजरायल ने कहा कि उसने यह हमला इसलिए किया कि हमास ने शेष बंधकों को रिहा करने और युद्ध विराम को आगे बढ़ाने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। इसका मतलब कि हमास युद्ध विराम के नियमों का पालन नहीं कर रहा था और उन बंधकों को भी वापस नहीं कर रहा था जिनकी वापसी इस युद्ध समाप्ति की पहली शर्त है।यह भी पता नहीं है कि जिन बंधकों की रिहाई की बात हो रही है, वे किस हालत में हैं, जीवित भी हैं या नहीं। बहुत से बंधकों के मरने की खबर आ चुकी है। इस मामले में हमास की अस्पष्टता ने मामले को उलझाया ही है जिसको इजरायल ने अपने आक्रमण का बहाना बनाया है। राष्ट्रपति ट्रंप के आने के बाद से रणनीतिक परिस्थितियां इजरायल के पक्ष में आ गई हैं।वर्तमान हालात को देखते हुए हमास के लिए यही हितकर होता कि वह इजरायल को नये हमलों के बहाने उपलब्ध नहीं कराता, लेकिन हमास जैसे उग्रवादी संगठन से इस तरह की समझदारी की अपेक्षा नहीं की जा सकती। अगर उसमें सचमुच समझदारी होती तो ऐसा हमला इजरायल पर नहीं किया होता जैसा कि 7 अक्टूबर को किया था।

अब भी हमास समझदारी से काम ले तो कुछ बात बन सकती है अन्यथा इजरायल तो हमास और फिलिस्तीन को नेस्तनाबूद करने के मिशन पर चल ही रहा है। संकेत मिल रहे हैं कि इजरायल नये सिरे से जमीनी सैन्य अभियान शुरू कर सकता है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में फूड पॉइजनिंग से प्रभावित बच्चों का हालचाल जानने के लिए लोकबंधु श्री राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय का दौरा किया।

-29 मार्च भवानी प्रसाद मिश्र जयंती पर विशेष-

# राष्ट्रकवि भवानी प्रसाद मिश्र की रचनाओं में समाहित है प्रकृति की विविधता





**बलराम शर्मा,**

स्वतंत्रता संग्राम के अमर प्रहरी, राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत कविताओं के माध्यम से सरल शब्दों में अपनी बात कहने वाले भवानी प्रसाद मिश्र की रचनाओं में प्रकृति की विविधता समाहित है। भवानी दादा की प्रसिद्ध रचना 'सतपुड़ा के घने जंगल' सन्नाटा, में एक अलग ही शब्दावली है। उन्होंने प्रकृति के जुड़ाव को बहुत ही अच्छे तरीके से उल्लेख किया है। भवानी दादा के संपूर्ण काव्य संसार में प्रकृति अपनी संपूर्णता में समाई हुई है। दादा की रचनाओं के व्यापकता में प्रवेश से पहले यदि रचनाओं के शीर्षक की ही व्याख्या कर लें तो हर मोड़ पर प्रकृति की विविधता समाहित है। भवानी दादा की कई कविताओं में प्रकृति के साफ दर्शन हैं। अंधेरी रात, असंदिग्ध एक उजाला, आमीन गुलाब पर ऐसा वक्त कभी ना आये, आषाढ़ का पहला दिन, चाँदनी से तरबतर, चार कौए उर्फ चार हौए, तार के खंभे, आसमान खुद, कमल के फूल, कुछ सूखे फूलों के, कोई सागर नहीं,तारों से भरा आसमान उपर, धरती का पहला प्रेमी, धुँधला है चन्द्रमा, पानी वर्षा री, बह नहीं रहे होंगे, बुनी हुई रस्सी, बूँद टपकी नभ से, यह कर्जे की चादर जितनी ओढ़ो उतनी कड़ी शीत है, सुबह हो गई, सूरज का गोला, सागर से मिलकर, हँसी आ रही है। ऐसी तमाम कविताएं हैं जिनका प्रकृति से सीधा संबंध हैं।

उन्होंने जो सुरम्य चित्र अपनी कविता में खींचे वह तो अलग है ही परन्तु उनकी सर्वाधिक लोकप्रिय प्रकृतिपरक रचना सतपुड़ा के जंगल, में कुछ अलग ही विशेषता है। तभी तो इसे पाठयक्रम में शामिल किया गया था। नई कविता में छायावादी प्रकृति काव्य की यह कविता है। उनकी अनेक रचनाओं पर दृष्टि डालने पर ऐसा लगता है कि वे प्राकृतिक वातावरण में ही सबसे ज्यादा सक्रिय रहे हैं। उनके प्रमुख विषय भी प्रकृति आधारित हैं। लेकिन वे सिर्फ प्रकृति चित्रण पर ही लिखते रहे ऐसा भी नहीं है। उन्होंने समाज, देश व परिस्थितियों को भी अच्छे से काव्यमय लिखा है।

भवानी दादा ने आजादी की लड़ाई में विशेष योगदान अपनी कलम के माध्यम से दिया है। स्वयं भी अनेक बार जेल गए। जेल में कई कविताएं लिखी दिन में तीन बार कविताएं लिखी जो तिरकाल संध्या के नाम से प्रसिद्ध हैं। सीधी सरल भाषा में लिखने वाले भवानी दादा विरले ही कवि रहे हैं। छायावाद के गीतात्मकता और नई कविता के यर्थाथ का संयोग कर उन्होंने अपनी कविता में प्रकृति के नए-नए रंग भरे हैं। दूसरा सप्तक में संकलित बूँद टपकी एक नभ से में प्रकृति की कोमलता और उसके भाव. सौन्दर्य को देखा जा सकता है। आजादी की लड़ाई में नर्मदापुरम होशंगाबाद का विशेष योगदान रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के अमर पहरी के रूप में भवानी प्रसाद मिश्र का नाम भी प्रमुखता से शामिल हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से काफी प्रभावित होने के कारण गांधीवादी कवियों में भवानी प्रसाद मिश्र प्रमुख हैं। महात्मागांधी के भारतछोड़ो आंदोलन में भवानी प्रसाद मिश्र को 1942 में जेल जाना पड़ा। जहां वे 2 वर्ष 8 माह 8 दिन तक जेल में रहे। तब उनके बच्चे छोटे थे। लेकिन उन्होंने देश प्रेम को सर्वोपरी माना। जेल में भी अनेक काव्य रचनाएं की। 1945 में जेल से छूटे थे। अपने कारावास के दिनों में ही बंगला भाषा सीखकर गुरूदेव रविंद्र नाथ टैगोर की रचनाओं का अध्ययन किया। भवानी प्रसाद मिश्र ने अपने अनुभवों का प्रयोग करके जिंदगी की व्यापकता को कविता में उतार कर रखा है। अभिव्यक्ति के इस यथार्थ प्रयोग के कारण ही उनके काव्य संसार को कविता में जिंदगी और जिंदगी में कविता के रूप देखा जा सकता है। सात-सात बार मौत से लड़े वैसे ही आजादी के पहले गुलामी से लड़े और आजादी के बाद तानाशाही से भी लड़े। आपातकाल के दौरान नियम पूर्वक सुबह-दोपहर-शाम तीनों वेलाओं में उन्होंने कवितायें लिखी जिसे त्रिकाल सन्ध्या नाम दिया गया।

### भवानी दादा के नाम पर नहीं हो सका स्कूल का नाम

भवानी दादा का नाम देश के उत्कृष्ट साहित्यकारों में आता है। उन्होंने उत्कृष्ट स्कूल जिसे उनके समय में गवर्मेंट स्कूल कहा जाता था। इस स्कूल में उन्होंने अध्ययन किया है। आज भी यह शाला उत्कृष्ट विद्यार्थियों की शाला है। भवानी दादा के नाम पर स्कूल का नाम होना चाहिए।

नपा ने एक अच्छा प्रयास किया है कि भवानी प्रसाद मिश्र के नाम किले के पास भवानी उद्यान बनाया है। ऐसा बताया जाता है कि इसी किले पास बैठकर उन्होंने सन्नाटा नामक कविता की रचना की थी। उनके नाम से स्कूल का नाम करने में कोई खर्च तो होना नहीं है इसलिए भवानी प्रसाद विद्यालय होना चाहिए।

**पं गिरि मोहन गुरू नगर श्री,वरिष्ठ साहित्कार**

### मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी नहीं हुआ नामकरण

वर्ष 2003 में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह 29 मार्च को इस स्कूल में भवानी दादा की जयंती कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पर आए थे। उस दिन उन्होंने स्कूल का नाम भवानी प्रसाद मिश्र के नाम पर घोषणा की थी लेकिन विडम्बना है कि मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी स्कूल नाम भवानी दादा के नाम पर नहीं हो सका।

# युवाओं की रगों में दौड़ रहा उपसंस्कृति का जहर

**विमल शंकर झा**

किसी देश को खत्म करना है तो अब वहां सेकंड वर्ल्ड वार के दौरान हिरोशिमा और नागासाकी की तरह परमाणु एटम बम डालने की जरुरत नहीं है। या रुस और यूक्रेन युद्ध के बीच विनाशकारीरर मिसाइल और द्रोण के जरिए बड़े बड़े बमों को गिराने की आवश्यकता नहीं है बल्कि उस देश की संस्कृति को खत्म कर दो ...। वह मुल्क धीरे धीरे खुद ही मर जाएगा। इन दिनों हमारे देश भारत में यही हो रहा है। कभी विश्व गुरु कहलाने वाली देश की तहजीब रसातल में जा रही है। पश्चिमी संस्कृति की चकाचौंध, बाजारवाद की चमचमाहट और दौलत तथा शोहरत की हवस वाली वाली स्टेटस सिंबाल की संस्कृति हमारी पूरब की तहजीब को तेजी से निकल रही है। सीधी सपाट भाषा में कहा जाए तो हमने अंध विकास के लिए विनाश की बीमारी मोल ले ली है। यह यह नया नवेला कल्चर हमारे हजारों साल से चले आ रहे सामाजिक तानेबाने, सांस्कृतिक ढांचे और पारिवारिक संबंधों को तहस-नहस किए जा रहा है। कंटीले कैक्टस के कांक्रीट सघन जंगलों में न्यूक्लीयर फेमिली प्रेम और सम्मान में पगे हमारे संयुक्त परिवार की जड़ों को नेस्तनाबूद कर रहे हैं। एक ओर तो हमारे देश के सियासी रहनुमा भारत को फिर से विश्व गुरु, सुपर कंम्प्यूटर और और दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था वाला देश बनाने का दावा या लोकलुभावना सपना दिखा रहे हैं वहीं दूसरी ओर अपने घोषित और अघोषित स्वार्थ के लिए ऐसे दुष्कृत्यों का युद्धस्तर पर चौतरफा अभियान छड़े हुए हैं वसुधैव कुटुंबकम की भारत की संस्कृति प्रदूषित हो रही है। आज राजनीतिक शुचिता तार तार हो रही है, सामाजिक, सांस्कृतिक मयार्दा बेजार हो रही है और चौतरफा आर्थिक, सामाजिक विषमता शर्मसार कर रही है। समाज में मानवीय और नैतिक मूल्यों के पतन से बढ़ती अपसंस्कृति, नशाखोरी, अपराध, बलात्कार और भ्रष्टाचार से देश और समाज गर्त में जा रहा है। देश का भविष्य यानी युवा नस्ल कालेजों, यूनिविर्सिटीज और स्कूलों के कैंपस नाइट क्लबों फार्महाउसों के नीले समंदर में छई-छपाक कर रही है। लिव इन रिलेशन, समलैंगिकता और लेट मैरिज, संतति और सर्जरी का यंगस्टर्स में बढ़ता ट्रैंड समाज को किस विकास धारा में ले जा रहा है। गर्ल फ्रैंड-ब्याय फ्रैंड और नशे मे उन्मत्त युवाओं का आदर्श वाक्य जैसे ये जिंदगी मिले न दोबारा और अपना सपना मनी मनी हो गया है। एक सर्वे के मुताबिक देश में 70 फीसदी लोग किसी न किसी तरह का नशा कर रहे हैं। इनमें 28 प्रतशित लड़कियां अऔर महिलाएं मदिरा से लेकर ब्राउन शुगर वाला उड़ता पंजाब जैसा नशा क रही हैं। यदि देश की 37 प्रतिशत जनसंख्या वाले युवा की ऐसी रुग्ण सोच हो तो भला विश्व गुरु का सपना कैसे पूरा होगा। छोटे मियां तो छोटे मियां बड़े मियां शुबहान अल्ला की तर्ज पर युवा क्या अधेड़वय क्लास भी यह सकल कर्म कर रहा है। इनमें सुसभ्य व सुंस्कृत माने जाने वाला तथा अनपढ़ों को गंवारु और जाहिल बोलने वाला पढ़े लिखों का तबका भी इन व्याधियों के मामले में युवाओं का पथप्रदर्शक बना हुआ है। आड़े,तिरछे और शार्ट कट रास्ते से वन टू का फोर कर भ्रष्टाचार और अनचार के लिए शिष्टाचार के चिथड़े उड़ाना आज हमारी संस्कति की पहचान बनती जा रही है। घोर आश्चर्य की बात है कि भ्रष्टाचार और मांड कल्चर से अपने स्टेटस सिंबाल को चमकाने वाला यह तबका विश्वगुरु,वसुधैव कुटुंबमक और सत्यमेव जयते की हमारी संस्कति को किताबी व लफ्फाजी बताते हुए आज न तो इस विषय में कुछ बात करना चाहता है और न कुछ सुनना चाहता है।




मेष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जीवनसाथी से कुछ अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। घर में खुशी का माहौल बनेगा। आज घर में किसी कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं। दोस्तों के साथ बाहर घूमने जायेंगे। आज आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

वृष राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज खास काम करना चाहते हैं, तो उसके लिए दिन बेहतरीन है। ऑफिस में आज आपको बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। इस राशि के कलाकारों के लिए आज का दिन विशेष रूप से अच्छा है। आज समाज में आपका मान-सम्मान बना रहेगा। आज धैर्य से काम करने पर सफलता जरूर मिलेगी।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। सोचे हुए काम पूरे होने से खुशी मिलेगी। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आपको आगे बढ़ने के कई मौके मिलेंगे। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बेहतर होंगे। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

कर्क राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप एक साथ कई काम करने की कोशिश कर सकते हैं। बेहतर होगा काम को एक-एक करके पूरा करें। किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से बचें, बड़ों की राय जरूर लें। आज उचित मेहनत से आपको सफलता मिलेगी। आज आपको बेवजह की उलझनों में पड़ने से बचना चाहिए।

सिंह राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। स्वास्थ्य में चल रहे उतार-चढ़ाव से आज आपको छुटकारा मिलेगा। किसी अजनबी की वजह से आपका मूड खराब हो सकता है, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। आज आप किसी रिश्तेदार से मिलकर अपनी समस्या का हल निकाल सकते हैं। कोशिशों से उलझे हुए मामले सुलझ सकते हैं।

कन्या राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। पहले से बनाई गई योजनाएं आज सफल होंगी। आप दूसरों के साथ बेहद व्यवहारिक रहेंगे। अपनी बात को सकारात्मक ढ़ंग से लोगों के सामने रखेंगे, तो फायदा होगा। पारिवारिक समस्यायों का समाधान निकालने में आज आप सफल होंगे। छात्र आज करियर को बेहतर दिशा देने के शिक्षकों से परामर्श लेंगे। व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। आज किसी भी बात को लेकर ज्यादा जिद करने से आपको बचना चाहिए।

तुला राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। दिन भर के भाग-दौड़ के बाद शाम को थकान महसूस हो सकती है । आज किसी भी मौके को हाथ से निकलने न दें। आज आप अपने काम में कम, दूसरे के कामों में ज्यादा व्यस्त रहेंगे। इसराशि के जो लोग अविवाहित है, आज उनके विवाह की बात फाइनल हो जाएगी। आपको अच्छा जीवनसाथी मिल सकता है। किसी काम में जल्दबाजी करने से आपको बचाना चाहिये, नहीं तो वह काम आपको दूबारा करना पड़ सकता है ।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों के साथ अधिक समय बितायेंगे। इस राशि के छात्रों के मन में आज कई तरह के विचार आयेंगे। अपने विचारों को घर वालों के साथ शेयर करने से आपको अच्छा महसूस होगा। आप अपनी बात को स्पष्ट रूप से कहने की पूरी कोशिश करेंगे। आज दूसरों के काम से कुछ सीखने की कोशिश करेंगे। शुभ समाचार मिलने के योग नजर आ रहे हैं।

धनु राशि: आज किस्मत आपके साथ रहेगी। कार्यक्षेत्र में रूका हुआ काम आसानी से पूरा हो जायेगा। ऑफिस में सीनियर से बातचीत करने पर सहयोग प्राप्त होगा । पारिवारिक मुद्दों पर फैसले लेने के लिये आज का दिन अच्छा है। घर में सभी के साथ तालमेल अच्छा बना रहेगा। कारोबार को बढ़ाने के लिये दोस्तों से बहुत अच्छे सुझाव मिलेंगे।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज सामाजिक कार्यक्रम में किसी से मिलने जाना पड़ सकता है। परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान बदलना पड़ सकता हैं। ऑफिस में काम को लेकर सीनियर के साथ विचार-विमर्श करेंगे। इस राशि के छात्रों का दोस्तों के साथ मेल-जोल बढ़ेगा। आज अपने कार्य प्रणाली को सुधारने की कोशिश करेंगे।

कुंभ राशि:आज की गई मेहनत का पूरा फायदा आपको मिलेगा। घर के काम को समय से निपटा लेंगे। परिवार वालों के साथ अधिक टाइम स्पेंड करने से फायदा होगा। नई बातों को जानने के लिए आप उत्सुक होंगे। ऑफिस में साथ काम करने वालों से मदद मिलेगी।

मीन राशि:आज आपका दिन बेहतर रहेगा। हर कोई आपकी तरफ आकर्षित होगा। चारों तरफ से आपको प्रशंसा मिलेगी। अपना महत्वपूर्ण काम पूरा करने के बाद आप करीबी लोगों से मिलने-जुलने में व्यतीत करेंगे। आपके सामने करियरके नए अवसर खुलेंगे । पहले किये हुए काम का आज अच्छा परिणाम मिलेगा।

# म्यांमार -थाईलैंड समेत हिल गई कई देशों की दुनिया!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

म्यांमार और थाईलैंड में दोपहर के समय आए भयंकर भूकंप को रिक्टर पैमान पर 7.9 की तीव्रता का नापा गया है। इतने तेज भूकंप के कारण दोनों ही देशों में भारी तबाही हुई है। इन देशों की विशाल इमारतें और पुल ढह गए और भारी जान माल का नुकसान हुआ। थाईलैंड के प्रधानमंत्री शिनवात्रा ने बैंकाक के अंदर आपातकाल की घोषणा की है। इस भूकंप का केंद्र म्यांमार बताया गया है। जिसका भारी प्रभाव थाईलैंड तक हुआ है। बैंकाक में विशाल इमारत के ढहने से उसमें 43 लोग फंस गए हैं। आपातकालीन सेवाओं में जुटे कर्मियों का कहना है कि बैंकाक के चाटूचाक पार्क की इस इमारत के अंदर 50 लोग मौजूद थे। इस भूकंप की वजह से बैंकाक में अभी तक एक व्यक्ति के मरने की पुष्टि हो गई है, जबकि 50 लोग घायल हैं। म्यांमार में भी भारी तबाही हुई है। वहां मौजूद लोग चीखते-चिल्लाते हुए भागते नजर आ रहे हैं। बैंकॉक के 'चटुचक मार्केट' के पास स्थित घटनास्थल पर राहत एवं बचाव का कार्य किया जा रहा हैं । बैंकॉक में 7.9 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से इमारतें हिलने लगीं थी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और जर्मनी के जीएफजेड भूविज्ञान केंद्र ने बताया कि दोपहर को यह भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया था, जिसका केंद्र म्यांमार में था। ग्रेटर बैंकॉक क्षेत्र की आबादी 170 लाख से अधिक है, जिनमें से कई लोग ऊंची इमारतों वाले अपार्टमेंट में रहते हैं।दोपहर करीब डेढ़ बजे भूकंप आने पर इमारतों में अलार्म बजने लगे और घनी आबादी वाले मध्य बैंकॉक की ऊंची इमारतों एवं होटल से लोगों को बाहर निकाला गया। भूकंप इतना शक्तिशाली था कि कुछ ऊंची इमारतों के अंदरूनी हिस्सों में 'स्वीमिंग पूल' में पानी में लहरें उठती दिखीं। भूकंप का केंद्र मध्य म्यांमार में था, जो मोनीवा शहर से लगभग 50 किलोमीटर पूर्व में है।थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए जहां सैंकड़ो लोग इमारतों से बाहर निकल आए। हालांकि जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि म्यांमार में 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र मंडाले शहर के पास 10 किमी की गहराई पर था। म्यांमार दुनिया के सबसे भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्रों में से एक माना जाता है।




भारत के पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, असम और नागालैंड के राज्यों में आज आए भूकंप से लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए।वहीदिल्ली व उसके आसपास के क्षेत्र में विगत 17 फ़रवरी की सुबह भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए थे,जिसमे कई सेकंड तक धरती डोलती रही थी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई थी, इसका केंद्र दिल्ली के पास ही धरती से 5 किलोमीटर की गहराई में था। इसीलिए तेज झटके महसूस हुए। कुछ सेकंड तक चलने वाले भूकंप के झटके इतने तेज थे कि इमारतों के अंदर जोरदार कंपन महसूस हुआ। भूकंप सुबह 5 बजकर 36 मिनट पर आया था, जिससे लोगों की नींद उड़ गई थी।भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर भूकंपीय क्षेत्र 4 में आता है, जिससे यहां मध्यम से तीव्र भूकंप आने का खतरा रहता है। समय-समय पर दिल्ली एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस होते रहते हैं, लेकिन इस तीव्रता के झटके बहुत समय बाद महसूस किए गए हैं। उत्तराखंड समेत नेपाल और भारत के अन्य क्षेत्रों में धरती बार बार डोलने लगती है। भूकंप के तेज झटकों से लोग दहशत में आ जाते है।सन 2022 में आए भूकंप के झटके इतने तेज थे कि गहरी नींद में सोए लोग हड़बड़ाहट में उठे और घरों से बाहर की ओर भागे थे। उस समय उत्तराखंड में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.5 मापी गई थी। दिल्ली के साथ ही नोएडा और गुरुग्राम में भी कई सेकेंड तक भीषण झटके महसूस किए गए। इसके कारण लोग उठ गए और कई लोग अपनी सोसायटी में बाहर निकल आए।ऐसा लगा कि बेड को कोई बहुत तेज धक्का मार रहा है। इस दौरान घर के फैन और झूमर भी भूकंप के असर के कारण तेजी से हिलने लगे। भूकंप पृथ्वी की सतह के हिलने को कहते हैं। यह पृथ्वी के स्थलमण्डल में ऊर्जा के अचानक मुक्त हो जाने के कारण उत्पन्न होने वाली भूकम्पीय तरंगों की वजह से होता है। भूकम्प बहुत हिंसात्मक हो सकते हैं और कुछ ही क्षणों में लोगों को गिराकर चोट पहुँचाने से लेकर पूरी आबादी को ध्वस्त कर सकने की इसमें क्षमता होती है। भूकंप का मापन भूकम्पमापी यंत्र से किया जाता है, जिसे सीस्मोग्राफ कहते है। 3 या उस से कम रिक्टर परिमाण की तीव्रता का भूकंप अक्सर अगोचर होता है, जबकि 7 रिक्टर की तीव्रता का भूकंप बड़े क्षेत्रों में गंभीर क्षति का कारण बन जाता है। भूकंप के झटकों की तीव्रता का मापन मरकैली पैमाने पर किया जाता है।पृथ्वी की सतह पर, भूकंप अपने आप को, भूमि को हिलाकर या विस्थापित कर के प्रकट करता है। जब एक बड़ा भूकंप उपरिकेंद्र अपतटीय स्थिति में होता है, यह समुद्र के किनारे पर पर्याप्त मात्रा में विस्थापन का कारण बनता है। भूकंप के झटके कभी-कभी भूस्खलन और ज्वालामुखी को भी पैदा कर सकते हैं। भूकंप अक्सर भूगर्भीय दोषों के कारण आते हैं।पिछले साल यानि सन 2021 में 11 सितंबर को जोशीमठ से 31 किलोमीटर पश्चिम दक्षिण पश्चिम में सुबह 5ऱ58 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.6 थी। उत्तराखंड में इस भूकंप का प्रभाव चमोली, पौड़ी, अल?मोड़ा आदि जिलों में रहा था।इससे पूर्व 24 जुलाई सन 2021को उत्तरकाशी से 23 किलोमीटर दूर करीब 1 बजकर 28 मिनट पर भूकंप आया था। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 मापी गई थी। जिला मुख्यालय उत्तरकाशी के साथ डुंडा, मनेरी, मानपुर, चिन्यालीसौड़, बड़कोट, पुरोला व मोरी से भी भूकंप के झटके महसूस किये गए थे। हरिद्वार जिले में वर्ष 2020 में एक दिसम्बर को नौ बजकर 42 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.9 मैग्नीट्यड मापी गई थी, जिसकी गहराई लगभग 10 किलोमीटर तक थी। इस भूकंप से कोई क्षति तो नही हुई थी। लेकिन यह भूकंप भविष्य में किसी बड़े भूकंप का संकेत अवश्य माना गया था।उत्तराखंड भूकंप के दृष्टि से अति संवेदनशील क्षेत्र है।

संक्षिप्त समाचार

## बरेली में किशोरी से दुष्कर्म, अस्पताल में भर्ती

बरेली (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बरेली रेलवे स्टेशन के पास एक किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। सूचना पर जीआरपी ने उसे जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे निजी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

एसपी जीआरपी आशुतोष शुक्ला ने बताया कि आरपीएफ वालों को एक बच्ची मिली थी। उन्होंने उसे जीआरपी को सौंपा है। प्रथम दृष्टया यह लग रहा है कि लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके माता-पिता भी स्टेशन आ गए हैं। वह यहां पर किसी मेले में आई थी।

किशोरी के मुताबिक उसके साथ घटना में एक ही व्यक्ति शामिल था। जब वह ट्रेन से उतर कर जंक्शन से गली में जा रही थी, तभी यह घटना उसके साथ हुई है। पुलिस कर्मियों ने किशोरी के बयान दर्ज किए।पुलिस ने बताया कि ट्रेन से उतर कर वह पैदल आउटर से स्टेशन की ओर जा रही थी, उसी दौरान एक युवक ने उसे झाड़ियों में खींच लिया, दुष्कर्म किया। विरोध पर उससे मारपीट की। आरोपी के फरार होने के बाद किशोरी स्टेशन की ओर जा रही थी, उसी दौरान आरपीएफ के जवान दिखने पर घटनाक्रम बताया। इसके बाद उसे तुरंत जीआरपी थाने लाया गया। आरोपी की तलाश की जा रही है।बताया जा रहा है कि किशोरी वह अपने परिजनों के साथ एक मेले में शामिल होकर घर को लौट रही थी। तभी यह घटना हो गई। घटना के बाद उसे अस्पताल में भर्ती करवाकर उसका परीक्षण भी कराया गया है। मामले में पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

## मौलिक अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए', भड़काऊ कविता मामले में इमरान प्रतापगढ़ी को सुको से राहत; एफआईआर रद्द की

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने कांग्रेस सांसद के खिलाफ गुजरात में दर्ज एफआईआर को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कांग्रेस सांसद ने जो किया वो कोई अपराध नहीं है। कथित तौर पर सौहार्द बिगाड़ने वाले सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर गुजरात पुलिस ने केस दर्ज किया था।

न्यायमूर्ति ओका ने फैसला सुनाते हुए कहा कि साहित्य, कला, व्यंग जीवन को अधिक सार्थक बनाते हैं; गरिमापूर्ण जीवन के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आवश्यक है। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया था। जिसमें वो हाथ हिलाते हुए चल रहे थे और उनपर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई जा रही थी।

## कांग्रेस नेता ने शेयर की औरंगजेब और टीपू सुल्तान की तस्वीर, लिखा विवादित कैप्शन; केस दर्ज

बेलगावी (आरएनएस)। कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस के एक स्थानीय नेता मुजामिल अत्तर के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आरोप है कि अत्तर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर औरंगजेब और टीपू सुल्तान की तस्वीरें लगाकर एक भड़काऊ पोस्ट साझा की थी। मुजामिल अत्तर बेलगावी के आजाद नगर के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, मुजामिल अत्तर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें औरंगजेब और टीपू सुल्तान की तस्वीरों के साथ कैप्शन लिखा था, बाप हैं तुम्हारे, भूलना मत। इस पोस्ट में हिंदी फिल्म अग्निपथ का एक उत्तेजक वीडियो क्लिप भी शामिल था, जिसमें ज्वाला सी जलती है पंक्ति थी। मामला दर्ज होने के तुरंत बाद आरोपी कांग्रेस नेता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से इस पोस्ट को हटा दिया। शिकायत बेलगावी मार्केट पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है। पुलिस के मुताबिक, मूल पोस्ट किसी अन्य व्यक्ति द्वारा इंस्टाग्राम पर डाली गई थी, जिसे कांग्रेस नेता मुजामिल अत्तर ने रीशेयर किया था। हालांकि, कैप्शन अत्तर द्वारा लिखा गया था।

बता दें कि फिल्म 'छावा' की रिलीज के बाद से औरंगजेब के नाम पर विवाद और बढ़ गया है। हालांकि, इससे पहले भी औरंगजेब को लेकर बहसें होती रही हैं। फिल्म में औरंगजेब की कथित क्रूरता दिखाए जाने के बाद देशभर में इस विषय पर चर्चा तेज हो गई है। हाल ही में नागपुर में औरंगजेब की कब्र को हटाने के मुद्दे पर हिंसा भी हुई थी, जिसमें कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था और मामले की जांच अभी जारी है। इसी पृष्ठभूमि में सोशल मीडिया पर औरंगजेब के नाम पर कई तरह की पोस्टें साझा की जा रही हैं।

# नागपुर हिंसा में बांग्लादेश कनेक्शन! जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करने वाला शख्स मुंबई से गिरफ्तार

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई में एक बांग्लादेशी नागरिक को देश में अवैध रूप से रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने यह जांच शुरू कर दी है कि क्या वह 17 मार्च को नागपुर में हुई हिंसा में शामिल था। उन्होंने बताया कि क्राइम ब्रांच यूनिट II ने बुधवार को दादर से अजीजुल निजानुल रहमान (29) को हिरासत में लिया। अधिकारी ने गुरुवार को बताया, हमें संदेह है कि हिंसा के समय वह नागपुर में था।



उन्होंने कहा, वह नागपुर के हसनबाग का निवासी है और कुछ दिन पहले ही दादर आया था। दिहाड़ी मजदूर रहमान ने जाली दस्तावेजों का उपयोग करके आधार कार्ड प्राप्त करने की बात स्वीकार की है। अधिकारी ने कहा, हम जांच के हिस्से के रूप में उसके मोबाइल फोन टावर लोकेशन की जांच कर रहे हैं। हमने अपने नागपुर समकक्षों के साथ उसकी गिरफ्तारी के बारे में जानकारी भी साझा की है।

बता दें कि छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने के लिए विहिप और बजरंग दल के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के दौरान पवित्र शिलालेखों वाली चादर जलाए जाने की अफवाहों के बीच 17 मार्च को मध्य नागपुर के इलाकों में भीड़ ने उत्पात मचाया। हिंसा के सिलसिले में 110 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें मुख्य आरोपी फहीम खान भी शामिल है।

## हरियाणा में कांग्रेस के पूर्व विधायक की करोडो की संपत्ति जब्त, करोड़ो के घोटाले में है फरार

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पूर्व कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छोक्कर और उनके बेटों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हरियाणा में बड़ी कार्रवाई चल रही है। ईडी ने उनके कारोबार मेसर्स साईं आइना फार्मर्स प्राइवेट लिमिटेड से 44 करोड़ रुपये का माल जब्त किया है, जो छोक्कर और उनके दो बेटों सिकंदर छोक्कर और विकास छोक्कर का है। कुछ महीनों से भगोड़ा, कोर्ट के आदेश पर पेश होने का आदेश काफी समय से धर्म सिंह छोक्कर और उनके बच्चे कानूनी पचड़ों से बचने की कोशिश कर रहे हैं। गैर जमानती वारंट जारी होने के बावजूद धर्म सिंह छोक्कर और विकास पेश नहीं हुए। कोर्ट ने जवाब में कई नियम लागू करते हुए कार्रवाई की है साईं आइना फार्म्स और अन्य फर्मों की आड़ में छोक्कर और उसके साझेदारों ने कई लोगों को ठगा है।

**500 करोड़ से ज्यादा के आरोप**

धर्म सिंह छोक्कर हरियाणा के पानीपत जिले के समालखा विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत ईडी ने उन पर कार्रवाई की है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि छोक्कर की कंपनी ने 3700 से ज्यादा घर खरीदारों को ठगा और 500 करोड़ रुपये से ज्यादा का गबन किया। घर गिरवी रखने वाले लोगों से रकम हासिल की गई, लेकिन न तो कोई रिफंड दिया गया और न ही घर दिया गया।

**दिल्ली-एनसीआर में करोड़ों की संपत्ति जब्त**

ईडी ने दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद और पानीपत में स्थित धर्म सिंह छोक्कर और उसके वंशजों की करोड़ों की संपत्ति जब्त की है।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का भुवनेश्वर पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया.

# यूपी : पुलिस में बंपर भर्ती, दरोगा, सिपाही और जेल वार्डर के 28,138 पदों के लिए इस तारीख से शुरू होगी प्रक्रिया

लखनऊ (ए.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के बाद उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने दरोगा, सिपाही, जेल वार्डर, कंप्यूटर ऑपरेटर, रेडियो सहायक परिचालक और लेखा एवं गोपनीय संवर्ग के कुल 28,138 पदों पर सीधी भर्ती करने की कवायद शुरू कर दी है।। अप्रैल माह के अंत तक इन पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने के लिए विज्ञप्ति जारी की जाएगी, जिसके बाद लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष राजीव कृष्ण ने गुरुवार को बताया कि डीजीपी मुख्यालय से भर्ती बोर्ड को सिपाही स्तर के विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के लिए कुल 19,220 पदों का अधियाचन (प्रस्ताव) भेजा है। इसमें सिपाही पीएसी के





9837, सिपाही विशेष सुरक्षा बल के 1341, महिला सिपाही पीएसी (बदायूं, गोरखपुर, लखनऊ) के 2282, सिपाही नागरिक पुलिस के 3245, सिपाही पीएसी/सशस्त्र पुलिस के 2444 और सिपाही घुड़सवार पुलिस के 71 पद शामिल हैं। इसके अलावा डीजीपी मुख्यालय ने उप निरीक्षक (दरोगा) के 4543 पदों पर सीधी भर्ती के लिए भी बोर्ड को अधियाचन भेजा है। इसमें उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के 4242, उप निरीक्षक नागरिक पुलिस महिला (पीएसी वाहिनी बदायूं, गोरखपुर, लखनऊ) के 106, प्लाटून कमांडर/उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस के 135 और प्लाटून कमांडर/उप निरीक्षक (विशेष सुरक्षा बल) के 60 पद शामिल हैं। बता दें कि बोर्ड ने आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया हाल ही में संपन्न की है, जिनका चरित्र प्रमाण पत्र और मेडिकल फिटनेस का प्रमाण पत्र जमा कराने की कवायद जारी है। बीते दिनों मुख्यमंत्री ने जल्द 30 हजार भर्तियां करने की घोषणा की थी।

### नदी में डूबने से युवक की मौत, बिना पोस्टमार्टम शव लेकर गया परिवार

देवरिर्या (आरएनएस)। देवरिया जनपद के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के पटनावा पुल के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया। गंडक नदी में नहाने गए युवक अल्ताफ की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और वह अक्सर बिना बताए कहीं भी निकल जाता था। शाहजहांपुर जनपद के बंडा थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव का रहने वाला अल्ताफ अपने भाई शादाब के साथ देवरिया में एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। मंगलवार को अल्ताफ अचानक बिना बताए गंडक नदी पर पहुंच गया और नहाने लगा। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया, जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई।

## वाराणसी नगर निगम का बड़ा फैसला, नवरात्र में नहीं खुलेंगी मांस की दुकानें

वाराणसी (आरएनएस)। वाराणसी नगर निगम ने नवरात्रि के पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। नगर निगम के उपसभापति नरसिंह दास बाबा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में सभी मांस और मछली की दुकानें नवरात्र के दौरान बंद रहेंगी।

इस निर्णय को नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया। धार्मिक नगरी काशी की परंपराओं और श्रद्धालुओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया गया है। नगर निगम ने साफ किया है कि अगर कोई दुकानदार इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और मुकदमा



भी दर्ज किया जा सकता है।

काशी को सनातन संस्कृति का केंद्र माना जाता है, जहां नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना बड़े धूमधाम से होती है। ऐसे में इस आदेश को श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं के सम्मान में लिया गया निर्णय बताया जा रहा है।

इससे पहले नगर निगम ने जनवरी में ऐसा आदेश जारी किया था। नगर निगम ने काशी विश्वनाथ मंदिर के दो किलोमीटर के दायरे में मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अब मंदिर से दो किलोमीटर के क्षेत्र में किसी भी तरह की मांस-मछली की दुकान खोले जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, स्थानीय दुकानदारों ने इस फैसले का विरोध किया है।

इस संबंध में नगर निगम ने दुकानदारों को नोटिस भी भेजा था, जिस पर दुकानदारों ने आपत्ति जताई थी।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद तेजस्वी सूर्या ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्री माधवाचार्य द्वारा रचित सर्वमूल ग्रंथ की 750 साल पुरानी पांडुलिपि भेंट की, जिसे वेफरफिच तकनीक का उपयोग करके संरक्षित किया गया है।

### 30 मार्च को हेडगेवार के स्मारक जाएंगे पीएम मोदी; इसरो ने अंतरिक्ष मिशन में हासिल की बड़ी उपलब्धि

नई दिल्ली (आरएनएस)। इसरो ने अपनी अंतरिक्ष मिशन क्षमताओं को अगले स्तर तक बढ़ाने में एक और उपलब्धि दर्ज की है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने ट्वीट किया कि नई सुविधा में लोक्स केरोसीन 200 टी थ्रस्ट सेमीक्रायोजेनिक इंजन का पहला बड़ा परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरुवनंतपुरम की अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्र को समर्पित किया।



उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली में संसद भवन में व्यापार सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की.

# कातिल दुल्हन पर नया खुलासाः शातिर निकली मासूम चेहरे वाली प्रगति, पड़ोसी से प्यार, दीदी के देवर पर भी डाले डोरे

कानपुर (औरैया) (ए.)। मासूम चेहरे वाली प्रगति इस कदर शातिर होगी, किसी को इसका अंदाजा नहीं था। घर में गुमसुम रहने वाली प्रगति ने न सिर्फ पड़ोसी से प्यार की पींगें बढ़ाई, बल्कि दीदी के देवर पर डोरे डालकर उसे भी अपने करीब ले आई। दिल उसका प्रेमी से ही लगा रहा, लेकिन शादी करने का फैसला दीदी के देवर से किया। पति की मौत की सूचना मिलने पर दहाड़ मारकर रोने वाली प्रगति के आंसू में पति का खून भी शामिल है, इसकी किसी को भनक नहीं थी। हालांकि, अब जब हकीकत सामने आई है तो मायके से लेकर ससुराल तक सभी सदमे में हैं।






इंटर तक की पढ़ाई कर चुकी प्रगति अपने घर में ही रहती थी। पड़ोसी अनुराग से वह पिछले करीब चार साल से प्यार की पींगें बढ़ा रही थी। इंटर पास करके दिबियापुर कस्बा में अपनी मौसी के यहां रहती थी। वहां आने-जाने के दौरान वह जमाने की नजरों से बचकर भी अनुराग से मिला करती थी। बड़ी और महंगी गाड़ियों के शौकीन अनुराग की लाइफ स्टाइल पर फिदा प्रगति ने कभी किसी को अपने प्यार की भनक नहीं लगने दी।



उसके परिवार का तर्क है कि वह अक्सर अपनी बड़ी बहन पारुल से मिलने उसके ससुराल मैनपुरी के भोगांव थाना के नगला-दीपा गांव जाती थी। वहीं उसकी नजरें दीदी के देवर दिलीप से टकरा गईं। अनुराग से प्रेम प्रसंग के बावजूद उसने दिलीप पर डोरे डाले। दोनों की जिद के आगे दोनों के ही परिवारों ने भी रजामंदी दे दी।



दिलीप धूमधाम से पांच मार्च को प्रगति संग सात फेरे लेकर उसे अगले दिन छह मार्च को अपनी दुल्हन बनाकर अपने घर ले गया। वहां वह सिर्फ पांच दिन ही रही और शादी के बाद पहली होली मायके में मनाने के लिए 10 मार्च को वापस आ गई।

पहले से ही दिलीप से अलग होने का मन बना चुकी प्रगति ने यहां आकर प्रेमी अनुराग से 17 मार्च को एक होटल में मुलाकात की और पति दिलीप को रास्ते से हटाने का खाका तैयार किया। अब जब उसकी कारिस्तानी सामने आ चुकी है तो मायके से लेकर ससुराल तक कोहराम मचा हुआ है।

**न सात फेरे की लाज रखी न सुहाग के जोड़े की**

अपने मेहंदी रचे हाथों से प्रगति ने जिस कारिस्तानी को अंजाम दिया और दिलवाया उसने सभी को झकझोर दिया। पूरा परिवार, गांव, ससुराल गम में डूबे हैं। प्रेमी के साथ खुद तो सलाखों के पीछे गई, परिवार को भी कभी न भूलने वाली टीस दे गई। गांव के ही युवक के प्रेम में अंधी होकर अपने ही सुहाग को खत्म करने वाली इस नवब्याहता की कारिस्तानी ने मायके को पूरी दुनिया के सामने रुसवा कर दिया। उनके होठों की चुप्पी से बेटी की करतूत का गुस्सा जाहिर हो रहा है। सूनी आंखों में उसके लिए नफरत का सागर हिलोरें लेता दिख रहा है। गांव वाले कहते हैं कि उसने ऐसा किया ही क्या है कि उसके बारे में बात की जाए। बेटियां दुल्हन के जोड़े में ससुराल जाकर मायके का मान बढ़ाती हैं, इसने अपने ही सुहाग का कत्ल करके न सात फेरों की लाज रखी न ही उस सुर्ख जोड़े का, जिसमें उसे विदा किया गया था।

# श्रद्धा कपूर की स्कूल के दिनों की तस्वीर हो रही वायरल




मुंबई (ए.)। सोशल मीडिया पर बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर की स्कूल के दिनों की एक तस्वीर वायरल हो रही है। इस तस्वीर में वह सफेद यूनिफॉर्म में नजर आ रही हैं, जिस पर उनके दोस्तों ने पेन से मैसेज लिखे हैं। माना जा रहा है कि यह उनकी स्कूल फेयरवेल की तस्वीर है।

तस्वीर में लिखा है 'लव यू साहू' और 'हमेशा प्यार', जिससे पता चलता है कि उनके दोस्त उन्हें 'साहू' कहकर बुलाते थे। रेडिट पर यह तस्वीर शेयर होते ही फैंस ने मजेदार कमेंट्स करने शुरू कर दिए। एक यूजर ने लिखा, 'अब भी ऐसी ही दिखती हैं साहू', तो वहीं दूसरे ने श्रद्धा के डर्मेटोलॉजिस्ट का नंबर पूछ लिया। एक और फैन ने लिखा, 'श्रद्धा हमेशा से ही सुंदर थीं और अब भी हैं।' श्रद्धा कपूर पिछले 15 सालों से फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2010 में फिल्म 'तीन पत्ती' से की थी, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई। इसके बाद उन्होंने 2013 में आई फिल्म 'आशिकी 2' में आरोही का किरदार निभाया, जिससे उन्हें जबरदस्त लोकप्रियता मिली। यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई और श्रद्धा का करियर चमक उठा। इसके बाद उन्होंने 'हैदर', 'एक विलेन', 'एबीसीडी 2', 'बागी', 'छिछोरे' और 'साहो' जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय किया। हाल ही में उन्हें रणबीर कपूर के साथ 'तू झूठी मैं मक्कार' में देखा गया था, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया। उनकी फिल्म 'स्त्री' को भी जबरदस्त सफलता मिली थी, और अब वे इसके सीक्वल 'स्त्री 2' में नजर आने वाली हैं।

# 'यारिया' फिल्म बनाना आसान नहीं था : दिव्या खोसला



मुंबई (ए.)। बालीवुड फिल्म निर्माता दिव्या खोसला ने अपने करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण और शानदार यात्रा बताया। अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'यारियां' की निर्माण प्रक्रिया को दिव्या खोसला ने याद किया। साल 2014 में रिलीज हुई इस फिल्म में हिमांश कोहली, रकुल प्रीत सिंह, निकोल फारिया और एवलिन शर्मा मुख्य भूमिका में थे। फिल्म की कहानी सिक्किम के एक कॉलेज के छात्रों के संघर्ष पर आधारित थी, जो अपने कैंपस को बचाने के लिए एक प्रतियोगिता जीतने का प्रयास करते हैं। दिव्या ने बताया कि फिल्म बनाना आसान नहीं था और 'यारियां' उनके लिए खासतौर पर कठिन रही। उन्होंने कहा, मैंने ऐसी जगहें खोजने की कोशिश की, जहां पहले कभी शूटिंग नहीं हुई थी, इसलिए मैं सिक्किम और दार्जिलिंग गई। पहाड़ की चोटियों पर चढ़ना और उन अनदेखी जगहों की तलाश करना जो स्क्रीन पर पहले कभी नहीं आईं, अपने आप में एक बड़ा चैलेंज था।

जब आप 'यारियां' देखते हैं, तो हर फ्रेम एक पेंटिंग जैसा लगता है, क्योंकि मैंने इसे उसी तरह डिजाइन किया था। फिल्म निर्माण के दौरान व्यक्तिगत रूप से भी दिव्या के लिए यह समय कठिन था। उन्होंने कहा, जब मैंने शूटिंग शुरू की, तब मेरा बेटा सिर्फ छह महीने का था। एक नई मां होने के साथ-साथ फिल्म का निर्देशन करना मेरे जीवन की सबसे मुश्किल परीक्षा थी। लेकिन इससे भी खास यह था कि दर्शकों ने फिल्म को खूब प्यार दिया। 'यारियां' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्लॉकबस्टर बन गई। फिल्म की री-रिलीज़ को लेकर उत्साहित दिव्या ने कहा, 'यारियां' को जब पहली बार रिलीज़ किया गया, तब इसे दर्शकों से बहुत प्यार मिला था।

इसे दोबारा रिलीज़ करना, दर्शकों को उनका प्यार लौटाने का मेरा तरीका है। उन्होंने एक खास किस्सा साझा करते हुए कहा, जब मैं अपनी दूसरी फिल्म 'सनम रे' की शूटिंग लद्दाख में कर रही थी, तब एक सुनसान जगह पर कुछ पर्यटक आए। उनमें से एक लड़की मेरे पास आई और बताया कि उसने 'यारियां' 56 बार देखी है। यह सुनकर मैं हैरान रह गई और मेरा दिल खुशी से भर गया। दिव्या ने कहा कि यह फिल्म उनके लिए बेहद खास है, क्योंकि इसने उन्हें बतौर निर्देशक इंडस्ट्री में पहचान दिलाई।


# गायन में भी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार मन्नारा चोपड़ा

मुंबई (ए.)। बालीवुड अभिनेत्री मन्नारा चोपड़ा अब गायन में भी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं। मन्नारा चोपड़ा जल्द ही मशहूर गीत 'अजीब दास्तान है ये' को अपनी आवाज में पेश करेंगी। इस खास प्रोजेक्ट के लिए उन्होंने न सिर्फ गाने को अपनी आवाज दी है, बल्कि इसके म्यूजिक वीडियो के कुछ हिस्सों का निर्देशन भी किया है।



यह वीडियो न्यूयॉर्क शहर की खूबसूरत पृष्ठभूमि में शूट किया गया है, जिसमें पुरानी दुनिया के संगीत का आकर्षण भी समाहित होगा। मन्नारा ने अपने इस नए कदम को लेकर उत्साह जताते हुए कहा, संगीत हमेशा से मेरे दिल के करीब रहा है। यह प्रोजेक्ट मेरे लिए बेहद खास है, क्योंकि इसमें क्लासिक्स के प्रति मेरे प्यार को मेरे खुद के कलात्मक दृष्टिकोण के साथ जोड़ा गया है। मैं चाहती थी कि कुछ ऐसा बनाऊं जो व्यक्तिगत होने के साथ-साथ सार्वभौमिक भी हो। मुझे उम्मीद है कि लोग इस गाने को उसी तरह महसूस करेंगे, जैसे मैं इसे महसूस करती हूं। मूल रूप से यह गाना 1960 की सुपरहिट फिल्म दिल अपना और प्रीत पराई का हिस्सा था, जिसमें मीना कुमारी, राजकुमार और नादिरा जैसे कलाकार थे। लता मंगेशकर द्वारा गाए गए इस गाने को आज भी क्लासिक म्यूजिक लवर्स पसंद करते हैं। इस गीत के लिए मन्नारा ने विशेष रूप से अपनी आवाज को निखारने के लिए ट्रेनिंग ली और इसे अपने अंदाज में गाने की कोशिश की है। मन्नारा चोपड़ा का जन्म हरियाणा के अंबाला में हुआ था और उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक फैशन डिजाइनर और सहायक कोरियोग्राफर के रूप में की थी। बाद में उन्होंने 2014 में तेलुगू फिल्म प्रेमा गीमा जंता नाई से अभिनय की दुनिया में कदम रखा।

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको की पोस्ट पर अनन्या ने दिया रिएक्शन, बोलीं- 'मिस्टर वर्ल्ड वाइड'




अनन्या पांडे ने रूमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको की पोस्ट पर कमेंट किया है। अभिनेत्री के इस प्यारे कमेंट ने एक बार फिर दोनों के रिलेशनशिप की अटकलों को हवा दे दी है।

अभिनेत्री अनन्या पांडे फिल्मों के अलावा अपनी पर्सनल जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। पिछले कुछ समय से वॉकर ब्लैंको के साथ अपने कथित रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में हैं। अटकलों के बीच हाल ही में वॉकर ब्लैंको ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। उनकी पोस्ट पर अनन्या ने तुरंत अपनी प्रतिक्रिया दी।

### अनन्या ने क्या दिया रिएक्शन

रूमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको की पोस्ट पर अनन्या खुद को कमेंट करने से नहीं रोक पाईं। अभिनेत्री ने एक प्यारा सा कमेंट करते हुए लिखा, 'मिस्टर वर्ल्ड वाइड।' उनके इस कमेंट ने प्रशंसकों के बीच इस चर्चा को एक बार फिर हवा दे दी। अभिनेत्री की बहन रीसा पांडे ने भी लिखा, "तुम बहुत कूल हो।"

### यूजर्स ने भी दी दिए रिएक्शन

वॉकर ब्लैंको ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों और वीडियो की एक शानदार कलेक्शन शेयर किया। उनके पोस्ट में वन्यजीव, पानी के नीचे के जीव, सुंदर प्रकृति, सेल्फी, कैंडिड मोमेंट,स्विमिंग सेशन और एक दोस्त के साथ तस्वीरें शामिल थीं। वॉकर की इस पोस्ट पर यूजर्स ने भी खूब रिएक्शन दिए। एक यूजर ने लिखा, लिविंग लार्ज!' एक अन्य ने लिखा, 'वर्ल्डवाइड वॉकर', एक और यूजर ने लिखा, 'एपिक।'

### खास अंदाज में किया था बर्थडे विश

फरवरी की शुरुआत में, अनन्या पांडे ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वॉकर ब्लैंको के लिए एक खास बर्थडे पोस्ट शेयर किया था। उन्होंने वॉकर एक कैंडिड फोटो पोस्ट की, जिसमें अभिनेत्री ने कैप्शन लिखा- "हैप्पी बर्थडे वॉकर ब्लैंको (साथ में मगरमच्छ वाली इमोजी)।" हालांकि, अभिनेत्री और वॉकर ने अपने रिश्ते को आधिकारिक नहीं किया है, लेकिन फैंस के बीच दोनों को लेकर खूब अटकलें लगाई जाती हैं।

# 'सिकंदर' से सलमान ने अपनी ही फिल्म का तोड़ा रिकॉर्ड, अब तक हो चुकी इतने करोड़ की एडवांस बुकिंग

सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' इस ईद पर रिलीज होने वाली है। फिल्म की जोरशोर से एडवांस बुकिंग हो रही है। एडवांस बुकिंग के मामले में ये फिल्म सलमान खान की ही फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' का रिकार्ड तोड़ रही है। ट्रेड वेबसाइट सैक्निक के मुताबिक आज शाम चार बजे तक फिल्म की 4.37 करोड़ रुपये की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। उम्मीद की जा रही है कि फिल्म रिलीज होने तक इसकी 9.38 करोड़ रुपये की एडवांस बुकिंग होगी।

### इस फिल्म का तोड़ चुकी रिकॉर्ड

रश्मिका मंदाना की अदाकारी से सजी इस फिल्म के सिर्फ रविवार को ही 1.38 लाख टिकट बुक हो चुके हैं। इस तरह से देखें तो यह फिल्म एडवांस बुकिंग के मामले में 'किसी का भाई किसी की जान' का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। 'किसी का भाई किसी की जान' फिल्म अप्रैल 2023 में रिलीज हुई थी। फिल्म की पहले दिन 3.29 करोड़ रुपये की एडवांस बुकिंग हुई थी। इस दिन 1.29 लाख टिकट बुक हुए थे।



### 'टाइगर 3' का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाई 'सिकंदर'

'सिकंदर' फिल्म 30 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 'टाइगर 3' की तर्ज पर रिलीज हो रही है। हालांकि 'सिकंदर' फिल्म एडवांस बुकिंग के मामले में 'टाइगर 3' से काफी पीछे है। सलमान और कटरीना की इस फिल्म की पहले ही दिन लगभग 22.97 करोड़ रुपये की एडवांस बुकिंग हुई थी। सलमान खान की यह पहली फिल्म थी जिसकी टिकटें पहले ही इतनी बड़ी संख्या में बिकी थीं।

### 'सिकंदर के बारे में'

सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म है। फिल्म को ए आर मुरुगदास ने निर्देशित किया है। इसके निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं। फिल्म में सलमान और रश्मिका के अलावा शर्मन जोशी, सत्यराज, काजल अग्रवाल, प्रतीक बब्बर और सुनील शेट्टी हैं।

# कॉन्सर्ट में तीन घंटे की देरी से पहुंचीं नेहा, मागी माफी

मुंबई (ए.)। बॉलीवुड की मशहूर सिंगर नेहा कक्कड़ का हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में एक कॉन्सर्ट था, लेकिन यह इवेंट उनके लिए भावुक कर देने वाला साबित हुआ। नेहा तीन घंटे की देरी से कॉन्सर्ट में पहुंचीं, जिससे वहां मौजूद दर्शक नाराज हो गए। जब नेहा ने स्टेज पर आकर माफी मांगी, तो वह भावुक हो गईं और रोने लगीं।

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें नेहा अपनी देरी के लिए खेद जताते हुए नजर आ रही हैं। रेडिट पर शेयर किए गए वीडियो में नेहा कक्कड़ स्टेज पर आंसू बहाते हुए दर्शकों से माफी मांग रही हैं। उन्होंने कहा, गाइज, आप लोग वाकई बहुत अच्छे हैं। आपने इतना धैर्य रखा। मुझे बहुत बुरा लग रहा है, मैंने कभी किसी को वेट नहीं करवाया। आप लोग इतनी देर से खड़े होकर मेरा इंतजार कर रहे थे, यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मैं यह शाम हमेशा याद रखूंगी। हालांकि, इस देरी से कुछ दर्शक गुस्से में आ गए और उन्होंने नेहा को ट्रोल करना शुरू कर दिया। वीडियो में कुछ लोग चिल्लाते हुए सुनाई दे रहे हैं। एक शख्स ने कहा, ये भारत नहीं, ऑस्ट्रेलिया है। वापस जाओ और होटल में आराम करो। जब नेहा जोर-जोर से रोने लगीं, तो एक अन्य व्यक्ति ने व्यंग्य करते हुए कहा, बहुत अच्छी एक्टिंग कर रही हो, ये इंडियन आइडल नहीं है।



हालांकि, नेहा को वहां मौजूद कई फैंस का सपोर्ट भी मिला। कुछ लोग तालियां बजाकर उन्हें चुप कराने की कोशिश करते दिखे। नेहा ने भी अपने फैंस को भरोसा दिलाया कि वह इस गलती को भविष्य में दोहराने से बचेंगी और दर्शकों को एक बेहतरीन परफॉर्मेंस देंगी। नेहा कक्कड़ बॉलीवुड की लोकप्रिय गायिकाओं में से एक हैं, और उनके लाइव शोज़ को दुनियाभर में पसंद किया जाता है।

# वास्तु के अनुसार घर में वॉशिंग मशीन किस दिशा में रखनी चाहिए?



वास्तु शास्त्र में हर वस्तु के लिए एक स्थान निर्धारित किया गया है. जब ये चीजें सही दिशा या स्थान पर नहीं होती हैं, तो उस घर की सकारात्मक ऊर्जा प्रभावित होने लगती है. इसका नकारात्मक प्रभाव घर और उस घर के सदस्यों पर पड़ता है. आजकल वॉशिंग मशीन हर किसी के लिए जरूरी हो गई है. लेकिन वास्तु के अनुसार अगर हम घर में वॉशिंग मशीन रखते हैं, तो कई लोगों को यह नहीं पता होता है कि इसके लिए कौन सी दिशा सबसे अच्छी है. हालांकि, कई लोग वास्तु की सही समझ न होने के कारण वॉशिंग मशीन को गलत दिशा में रख देते हैं. इससे घर के वास्तु पर गंभीर असर पड़ता है. इसलिए वास्तु विशेषज्ञों का कहना है कि घर में वॉशिंग मशीन रखने की सही दिशा जानना बहुत जरूरी है, खबर के माध्यम से जानें घर में वॉशिंग मशीन रखने की सही दिशा क्य है

### वॉशिंग मशीन रखने की सही दिशा क्या है?

दुनियाभर में कई लोग हैं जो वास्तु को मानते हैं और अपने घर में हर चीज वास्तु के हिसाब से रखते हैं. ऐसे में कहा जाता है कि घर में हर चीज वास्तु के हिसाब से होनी चाहिए. वास्तु के अनुसार घर में वॉशिंग मशीन का सही दिशा में होना बहुत जरूरी है. क्योंकि इससे उस घर से नकारात्मकता दूर रहती है. सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है. वास्तु शास्त्र के अनुसार वॉशिंग मशीन को दक्षिण-पूर्व दिशा में रखने से वास्तु दोष खत्म हो जाता है. इस तरीके को अपनाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है. इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है. अगर आप ऐसी सावधानियां नहीं बरतते हैं और वास्तु शास्त्र का पालन नहीं करते हैं तो आपको कई मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा. वॉशिंग मशीन को दक्षिण-पूर्व दिशा में रखना चाहिए क्योंकि यह मशीन आदि के लिए सबसे अच्छी दिशा मानी जाती है. सरल शब्दों में समझे तो वास्तु शास्त्र के अनुसार, वॉशिंग मशीन रखने के लिए आदर्श दिशा दक्षिण-पूर्व या उत्तर-पश्चिम दिशा है, जबकि उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र से बचना चाहिए.

# पोछा लगाने के पानी में मिला लें ये 4 चीजें, शीशे की तरह चमक उठेगा आपका फर्श ,मक्खियां रहेंगी कोसों दूर



बहुत से लोग ऐसे हैं जो अपने घर में हर रोज झाड़ू लगाते हैं. ऐसा करने से न सिर्फ फर्श साफ रहता है बल्कि उस पर बैक्टीरिया भी नहीं पनपते हैं. हालांकि गर्मियों में मक्खियां ज्यादा होती हैं. ऐसे में मक्खियों से बचने के लिए रोजाना पोछा लगाना जरूरी हो जाता है. बता दें, पोछा लगाने से घर अच्छी तरह साफ हो जाता है. वहीं, फर्श को रोजाना साफ करना जरूरी है, खासकर ऐसे घर में जहां बच्चे हों. इसके अलावा पूरे घर को इस तरह से साफ करना चाहिए कि उसमें से अच्छी खुशबू आए. इसके लिए जानें पोछा लगाने वाले पानी में क्या मिलाएं...

### बेकिंग सोडा

बेकिंग सोडा चिकना और गैर चिकना दोनों तरह के दागों को हटा सकता है, फर्श पर कई तरह के चिकने दाग होते हैं. वहीं, गर्मी के मौसम में तरबूज और आम जैसे फलों का रस अगर फर्श पर गिर जाए तो वह चिकना हो जाता है, क्योंकि इनमें मौजूद चीनी और अन्य तत्व फर्श पर फैलकर चिपचिपा बना देते हैं. वहीं, फर्श पर चिकनापन होने के कारण यह कीड़े-मकोड़ों, चींटियों और मक्खियों को आकर्षित कर सकता है. इसलिए इन चिकने दागों को हटाने के लिए पोछा लगाने वाले पानी में बेकिंग सोडा जरूर मिलाएं. इससे पोछा लगाने से चिकनाई, तेल और ग्रीस के दाग जल्दी हटाने में मदद मिलेगी.

### नींबू का रस

नींबू का रस विटामिन सी से भरपूर होता है. एक नेचुरल सफाई एजेंट के रूप में यह अद्भुत काम करता है. इसमें हाई माइक्रोबियल प्रॉपर्टीज भी होते हैं. इसलिए इसमें बैक्टीरिया को मारने की शक्ति होती है. यदि आप फर्श पोंछने के लिए पानी में नींबू का रस मिला लें तो इससे न केवल अच्छी खुशबू आएगी बल्कि बैक्टीरिया भी मर जाएंगे. दो नींबू का रस आधी बाल्टी पानी में मिलाकर पोंछा लगा लें. इससे अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं.

### वेजिटेबल ऑयल

ऐसे कई तेल हैं जिनकी खुशबू अच्छी होती है, जैसे पेपरमिंट तेल और नींबू का तेल आदि. आधी पानी से भरी बाल्टी में दो बड़े चम्मच इन में से किसी एक तेल को तेल डालें और अच्छी तरह मिला लें.

# आईपीएल में आज होगा गुजरात टाइटंस और मुम्बई इंडियंस का मुकाबला





अहमदाबाद (ए)। आईपीएल के 18 वें सत्र में शनिवार को यहां के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई इंडियंस का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेंगी। दोनो ही टीमों को अपने शुरुआती मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में से मुंबई टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या वापसी करेंगे। हार्दिक प्रतिबंध के कारण चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पहला मैच नहीं खेल पाये थे। उसमें उनकी जगह पर सूर्यकुमार यादव ने कप्तान की थी। वहीं अपने घरेलू मैदान पर खेलने जा रही शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस को पहले मैच में पंजाब किंग्स से हार का सामना करना पड़ा था। मुंबई इंडियंस को पहले मैच के बाद एक सप्ताह का ब्रेक मिला है जिससे वह तरोताज होकर गुजरात के खिलाफ उतरेगी। इस बार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के रहीं होने से मुम्बई की गेंदबाजी कमजोर नजर आयी है। इस मैच से हार्दिक के होने से टीम को एक तेज गेंदबाज भी मिल जाएगा। हार्दिक अभी भारत के सबसे अच्छे ऑलराउंडर हैं और उनके होने से मुम्बई को फायदा होना तय है। ऐसे में वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है। वह गेंद और बल्ले दोनों में किसी एक से भी मैच पर बड़ा प्रभाव डालने की क्षमता रखते है। टीम को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच खेलना है जिसका विकेट बल्लेबाजों के अनुरुप माना जाता है। इस मैदान पर पिछले दोनो ही मैचों में 200 से अधिक रन बने थे।हार्दिक के होने से इस मैच में मुम्बई का पलड़ा भारी नजर आता है। ऐसे में गुजरात के गेंदबाजों को उनपर अंकुश लगाना होगा। इस पिच पर कलाई के स्पिनर विग्नेश पुथुर का सामना करना गुजरात के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा।गुजरात की बल्लेबाजी कप्तान शुभमन गिल के अलावा, साई सुदर्शन , ग्लेन फिलिप्स आदि पर निर्भर करेगी। वहीं गेंदबाजी की कमान कागिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाजों के पास रहेगी।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं : गुजरात टाइटंस: जोस बटलर, शुभमन गिल, साई सुदर्शन, ग्लेन फिलिप्स, शाहरुख खान, वॉशिंगटन सुंदर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, रविश्रीनिवासन साई किशोर, कागिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, इशांत शर्मा, जयंत यादव, महिपाल लोमरोर, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया, अनुज रावत, गेराल्ड कोएट्जी, शेरफेन रदरफोर्ड, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, अरशद खान, गुरनूर बरार, निशांत सिंधु। मुंबई इंडियंस: हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

## ईशान के आउट होते ही मायूस हुई काव्या

नई दिल्ली (ए)। सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ईशान किशन आईपीएल के दूसरे ही मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गये। इस मैच में ईशान के आउट होते ही टीम की मालकिन काव्या मारन मायूस नजर आयीं। काव्या को पहले मैच की तरह इस मैच में भी ईशान से आक्रामक पारी की उम्मीद थी पर वह शार्दुल ठाकुर का शिकार बन गये। काव्या दूसरे मैच में भी अपनी टीम का हौंसला बढ़ाने के लिए दर्शकों के बीच बैठीं थी।शार्दुल ने तीसरे ओवर की पहली गेंद पर सलामी बल्लेबातज अभिषेक शर्मा को आउट किया। इसके बाद दूसरी गेंद पर ईशान किशन को शिकार बनाया। ईशान ने पहले मैच में शतक लगाया था। ईशान किशन को 2024 में मेगा नीलामी से पहले मुंबई इंडियंस ने रिलीज़ कर दिया था।



## 27 करोड़ का तो लिहाज कर लेते खराब प्रदर्शन के बाद ऋषभ पंत जमकर हो रहे हैं ट्रोल

### सोशल मीडिया पर फूटा फैंस का गुस्सा

नईदिल्ली, (आरएनएस)। आईपीएल 2025 ऋषभ पंत के लिए अच्छा नहीं रहा है. अब तक उन्होंने दो मैच खेले हैं. इस दौरान उनका बल्ला रन बनाने में नाकाम रहा. दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले मैच में उनका खाता भी नहीं खुला. वहीं बीते दिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ भी पंत संघर्ष करते नजर आए. 27 वर्षीय खिलाड़ी अपनी फीस के साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं. सोशल मीडिया पर उन्हें काफी ट्रोल किया जा रहा है.



27 मार्च को हैदराबाद में लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद आमने सामने थी. राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में यह मुकाबला खेला गया. लखनऊ की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी. कप्तान ऋषभ पंत इस मैच में ज्यादा कुछ नहीं कर सके. बाएं हाथ के बल्लेबाज 15 गेंदों में 15 रन बनाकर चलते बने. उनकी पारी में एक चौका शामिल रहा. हर्षल पटेल ने मोहम्मद शमी के हाथों कैच करवाकर उन्हें पवेलियन भेजा.

इससे पहले, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले मैच में भी ऋषभ पंत का यही हाल रहा. 24 मार्च को हुए मुकाबले में पंत शून्य के स्कोर पर ढेर हो गए. लखनऊ के कैप्टन ने अपनी पारी के दौरान 6 गेंदों का सामना किया. हालांकि, इन 6 गेंदों में वह एक भी रन नहीं बना सके. अब तक खेले गए दो मैचों को मिलाकर विकेटकीपर बैटर के नाम कुल 15 रन दर्ज है. आने वाले मैचों में उनकी टीम को उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी. आईपीएल 2025 को लेकर हुए मेगा ऑक्शन में ऋषभ पंत 27 करोड़ में बिके. लखनऊ सुपर जायंट्स ने रिकॉर्ड बोली लगाकर 27 वर्षीय धुरंधर को अपनी टीम में शामिल किया. इसके साथ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे क्रिकेटर भी बने. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क को पछाड़ा. पिछले सीजन में कोलकाता नाईट राइडर्स ने घातक तेज गेंदबाज को 24.75 करोड़ में खरीदा था.

# IPL में विराट कोहली को 21 करोड़ नहीं, सिर्फ 13 करोड़ मिलेंगे; जानें क्यों होगी 8 करोड़ की कटौती




नई दिल्ली (आरएनएस)। आईपीएल के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने इस सीजन के लिए 21 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। हालांकि, ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें वास्तव में लगभग 13 करोड़ रुपये ही मिलेंगे। यह सुनकर कई लोग हैरान हो सकते हैं कि आखिर उनकी सैलरी से 8 करोड़ रुपये से ज्यादा की कटौती क्यों हो रही है।दरअसल, इसके पीछे इनकम टैक्स एक्ट, 1961 के नियम हैं। इस कानून के तहत, आईपीएल से होने वाली कमाई को बिजनेस या प्रोफेशन से हुई आय माना जाता है। इसलिए, यह आय उच्चतम टैक्स स्लैब के अंतर्गत आती है। चूंकि विराट कोहली की सालाना आय 15 लाख रुपये से अधिक है, इसलिए उन्हें अपनी 21 करोड़ रुपये की सैलरी पर 30 प्रतिशत आयकर देना होगा, जो कि 6.3 करोड़ रुपये होता है।इतना ही नहीं, जिनकी आय 5 करोड़ रुपये से अधिक होती है, उन्हें टैक्स के अलावा 25 प्रतिशत सरचार्ज भी देना पड़ता है। इस नियम के अनुसार, कोहली की सैलरी से 1.575 करोड़ रुपये और कट जाएंगे। इसके अतिरिक्त, कुल टैक्स पर 4 प्रतिशत सेस भी लगाया जाता है, जिसके तौर पर उन्हें लगभग 31 लाख रुपये और देने होंगे। इस तरह, विराट कोहली की सैलरी से कुल मिलाकर लगभग 8.185 करोड़ रुपये टैक्स के रूप में कट जाएंगे और उन्हें लगभग 12.815 करोड़ रुपये (यानी लगभग 13 करोड़ रुपये) ही प्राप्त होंगे।विराट कोहली ने 2008 में आईपीएल में अपना करियर शुरू किया था, तब उनकी सैलरी केवल 12 लाख रुपये थी। 2011 में यह बढ़कर 8.28 करोड़ रुपये हो गई। 2014 से 2017 तक उन्हें 12 करोड़ रुपये मिले, जबकि 2018 से 2021 तक उनकी सैलरी 17 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। 2022 से 2024 तक उन्हें 15 करोड़ रुपये मिले और अब उनकी सैलरी 21 करोड़ रुपये है, जिस पर भारी टैक्स कटौती लागू होती है।

## रोहित शर्मा ने टीम इंडिया में खेलने से किया मना!

नई दिल्ली (आरएनएस)। रोहित शर्मा को लेकर इस समय बड़ी खबर सामने आ रही है। एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि रोहित शर्मा टीम इंडिया की अगली टेस्ट सीरीज में नहीं खेलेंगे। उन्होंने खुद अपना नाम देने से इनकार कर दिया है।आईपीएल 2025 के बाद भारतीय टीम को इंग्लैंड दौरे पर जाना है, जहां वो पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। रिपोर्ट में दावा है कि रोहित शर्मा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में खराब प्रदर्शन की वजह से इंग्लैंड नहीं जाना चाहते। रिपोर्ट्स में भले ही ऐसे दावे किए जा रहे हों कि रोहित इंग्लैंड नहीं जाएंगे लेकिन इसकी पुष्टि नहीं की गई है। रोहित के मामले में कई दावे पहले भी गलत साबित हुए हैं।रोहित शर्मा ने सिडनी टेस्ट में भी खुद को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा था और जसप्रीत बुमराह ने टीम की कमान संभाली थी। वहीं, विराट कोहली के टेस्ट टीम में बने रहने की संभावना ज्यादा है। हालांकि, भारत के हालिया लंबे टेस्ट सीजन में कोहली और रोहित दोनों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। कोहली ने 19 पारियों में केवल 382 रन बनाए, जिसमें उनका औसत महज 22.47 रहा और उनके नाम केवल एक शतक और एक अर्धशतक दर्ज है। वहीं, रोहित शर्मा ने 15 पारियों में सिर्फ 164 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 10.93 रहा और केवल एक अर्धशतक ही उनके बल्ले से निकला।

## आईपीएल 2025ः ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे निकले निकोलस पूरन

### -दो मैच में जड़े 12 चौके और 13 छक्के

नईदिल्ली, (आरएनएस)। लखनऊ सुपर जायंट्स के हिटिंग मशीन निकोलस पूरन ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे निकल गए हैं। पूरन ने अब तक लखनऊ की ओर से दो मैच खेले और दोनों मैच में ही उन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से विरोधी पक्ष के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की।

गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद के सामने उन्होंने महज 26 गेंदों में ताबड़तोड़ 70 रनों की पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पूरन ने पारी के दौरान 6 चौके और 6 गगनचुंबी छक्के लगाए। टूर्नामेंट में अब तक खेले गए दो मैचों में पूरन ने 12 चौके और 13 छक्कों की मदद से 145 रन बनाए हैं और इसी के साथ ही वह ऑरेंज कैप की रेस में टॉप पर हैं। उनके बाद मिशेल मार्श हैं, जो 2 मैचों में 124 रन बनाकर दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। मार्श टूर्नामेंट में अब तक 13 चौके और 8 छक्के लगा चुके हैं।ऑरेंज कैप की रेस में तीसरे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड हैं, जिन्होंने अब तक खेले गए दो मैचों में 114 रन बनाए हैं। टूर्नामेंट में अब तक 14 चौके और 6 छक्के भी जड़ चुके हैं।

देखा जाए तो ऑरेंज कैप की रेस में सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान किशन कुछ वक्त पहले तक सबसे आगे चल रहे थे। उनके नाम पहले मैच में 106 रन थे।

## विदेश समाचार

# पंजाबियों में खौफ, बस से उतारकर 6 लोगों को सरेआम मारी गोलियां, राष्ट्रपति और पीएम ने जताया दुख

इस्लामाबाद (आरएनएस)। बलूचिस्तान के ग्वादर जिले के कलमट क्षेत्र में गुरुवार पंजाब प्रांत के छह मजदूरों की गोली मार कर हत्या कर दी गई। अज्ञात बंदूकधारियों ने मुख्य राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और पहचान पत्र की जांच करने के बाद मजदूरों को कराची जाने वाली यात्री बस से उतार दिया।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने यात्रियों की हत्या की कड़ी निंदा की। राष्ट्रपति जरदारी ने कहा, आतंकवादी बलूचिस्तान में देश के विकास और समृद्धि के दुश्मन हैं। वे बलूचिस्तान में प्रगति नहीं देख सकते। प्रधानमंत्री शहबाज ने कहा, हम बदमाशों के राज्य विरोधी मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देंगे। रिपोर्ट के अनुसार, मजदूरों की पहचान की जांच करने के बाद उन्हें बस से उतार दिया गया फिर आतंकवादियों ने उनकी हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने पुष्टि की कि पांच पीड़ित पंजाब के सादिकाबाद शहर के थे, जबकि एक मुल्तान का था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, पांच पीड़ितों की तत्काल मौत हो गई, जबकि एक ने बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हफीज बलूच ने बताया कि ग्वादर बंदरगाह से यूरिया लेकर आ रहे तीन ट्रकों को भी तजाबन इलाके में आग



लगा दी गई। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि बलूचिस्तान के अन्य क्षेत्रों में भी रोड ब्लॉक पाए गए हैं, जो अधिक हमलों की योजना जैसा प्रतीत होता है। बलूच ने कहा, तुर्बत, पंजगुर और पसनी में सड़कें ब्लॉक कर दी गईं। बोलन, कोलपुर और मस्तुंग इलाकों में भी सड़कें अवरुद्ध की गईं। मस्तुंग इलाके में एक वाहन को आग लगा दी गई। यह पंजाब प्रांत के रहने वाले और बलूचिस्तान में काम करने वाले नागरिकों, श्रमिकों और मजदूरों पर किया गया नवीनतम लक्षित हमला है। यह घटना ऐसे समय में हुई जब इस महीने की शुरूआत में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकवादियों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन का अपहरण कर लिया था। इस घटना में 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 26 बंधकों की मौत हो गई थी, जबकि ट्रेन को खाली कराने के अभियान के दौरान पांच सुरक्षाकर्मी मारे गए थे।

बलूचिस्तान में पिछले कुछ समय से पंजाब प्रांत के नागरिकों को निशाना बनाकर हमला किया जा रहा है। आतंकवादी पंजाबी श्रमिकों और मजदूरों की पहचान के बाद यात्री बसों, कोयला खदानों और यहां तक कि दुकानों और अन्य स्थानों पर हमला कर रहे हैं। पिछले सप्ताह बलूचिस्तान के कलात जिले में अज्ञात हमलावरों ने पंजाब के कम से कम चार मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

पिछले महीने बरखान जिले में पंजाब जा रहे सात यात्रियों को बस से उतारकर गोली मार दी गई थी। अगस्त 2024 में बीएलए के उग्रवादियों ने पंजाब प्रांत के कम से कम 23 यात्रियों की हत्या कर दी थी। इन्हें पहचान के बाद बस से उतार दिया गया था और मुसाखाइल जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# गाजा हुआ तबाह, 50 हजार से अधिक लोगों की हुई मौत, जंग फिर भी जारी



गाजा(ए)। हमास और इजरायल के बीच जारी जंग में अब तक 50 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। फिलिस्तीन का गाजा शहर पूरी तरह तबाह हो गया है। गाजा पर हमास का शासन है। इजरायली हमले में हमास के तमाम बड़े नेता और हजारों लड़ाके मौत की नींद सो चुके हैं। आम लोगों को भी बड़ी तबाही झेलनी पड़ी है। इस बीच अब गाजा की फिजा में चैन की बायर बहती दिख रही है। दरअसल, हमास-इजरायल के बीच जारी इस जंग से फिलिस्तीन की आम जनता भी बुरी तरह त्रस्त हो चुकी है। वह अब चैन चाहती है। ऐसे वह सड़कों पर उतर रही है। बुधवार को उत्तरी गाजा में बुरी तरह नष्ट हो चुके एक कस्बे में हजारों फिलिस्तीनियों ने जुलूस निकाला। यह युद्ध-विरोधी प्रदर्शनों का दूसरा दिन था। कई लोग हमास के खिलाफ नारे लगा रहे थे। यह इस चरमपंथी संगठन के खिलाफ आम लोगों का गुस्सा दिखाता है।

सवाल यह है कि आखिर फिलिस्तीन में आम लोग अब हमास के खिलाफ क्यों सड़कों पर उतर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि आम इंसान जंग से आजीज आ चुके हैं। कुछ ये भी कह रहे हैं कि यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस चेतावनी का भी असर हो सकता है जिसमें उन्होंने हमास-इजरायल जंग को खत्म करने के लिए फिलिस्तीनियों को कहीं और बसाने की बात कही थी। खैर इसका कारण जो भी, लेकिन आम फिलिस्तीनियों का सड़क पर उतरना गाजा और पूरे मध्य पूर्व में शांति की आहट का संकेत देता है।बुधवार को ज्यादातर प्रदर्शन गाजा के उत्तरी हिस्से में हुए। लोग 17 महीने से चल रही इजराइल के साथ जंग को खत्म करने की मांग कर रहे थे, जिसने गाजा में जिंदगी को बहुत मुश्किल बना दिया है। लेकिन प्रदर्शनकारियों ने हमास की भी खुलकर आलोचना की, जिसका अब भी गाजा पर कब्जा है।

## हूती ठिकानों पर अमेरिका की बड़ी कार्रवाई, 40 से अधिक हवाई हमले किए

सना (ए.) ।अमेरिकी सेना ने शुक्रवार तड़के यमन की राजधानी सना में हूती ठिकानों पर 40 से ज्यादा हवाई हमले किए।

हूती ग्रुप के अल-मसीरा टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, इन हवाई हमलों में सना अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, कमांड कैंप, सरीफ क्षेत्र, सनहान क्षेत्र के जरबन स्थान और उत्तरी प्रांतों के कई अन्य इलाकों को निशाना बनाया गया। निवासियों के मुताबिक, मध्य साना में स्थित कमांड कैंप पर हुए हवाई हमलों से आसपास के आवासीय इलाकों में कई घरों, इमारतों और दुकानों को नुकसान पहुंचा।यह हमला हूती ग्रुप की ओर से गुरुवार दोपहर को मध्य इजराइल में बेन गुरियन एयरपोर्ट और तेल अवीव के दक्षिण में एक सैन्य ठिकाने पर दो बैलिस्टिक मिसाइल अटैक की जिम्मेदारी लेने के कुछ घंटों बाद हुआ।यह 15 मार्च को हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिकी एयर स्ट्राइक की नई श्रंखला शुरू करने के बाद से सबसे तीव्र और सबसे बड़े संख्या वाले हवाई हमले थे। पिछले दो हफ्तों में अमेरिकी एयर स्ट्राइक में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। ये हमले हूती ग्रुप की उस धमकी के बाद किए गए जिसमें उसने कहा था कि अगर गाजा में मानवीय सहायता नहीं भेजी गई, तो वे इजरायली ठिकानों पर हमले फिर से शुरू कर देंगे।बुधवार को अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिकी हवाई हमले जारी रहेंगे।स्थानीय निवासियों ने बताया कि गुरुवार को भी अमेरिकी सेना ने यमन की हूती-नियंत्रित राजधानी सना पर कई हवाई हमले किए।अल-मसीरा टीवी की रिपोर्ट के अनुसार तीन हवाई हमलों ने सना के दक्षिणी भाग में सानहान जिले के जरबान क्षेत्र को निशाना बनाया, दो हवाई हमले सना के उत्तर-पूर्व में बानी हुशैश जिले के अल-जुमाया क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए, साथ ही दो अन्य हवाई हमलों में सना के उत्तरी भाग में अल-दायलामी वायु सेना अड्डे को निशाना बनाया गया

## यूएई ने दिखाई उदारता, 500 भारतीय समेत 1500 से अधिक कैदियों को किया रिहा

यूएई (आरएनएस)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने रमजान के पवित्र महीने के अंत में एक बड़ा मानवीय कदम उठाया है। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने अलग-अलग आदेश जारी करते हुए कुल 2,813 कैदियों बड़ी राहत दी है। राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने 1,295 कैदियों को माफी दी है, जबकि प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने 1,518 कैदियों को क्षमादान दिया है, इनमें 500 से अधिक भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। यह घोषणा फरवरी के आखिरी सप्ताह में राष्ट्रपति द्वारा रमजान से पहले कैदियों को माफी देने की बात कहे जाने के बाद आई है। इस कदम का उद्देश्य रिहा किए गए कैदियों को अपने परिवारों के साथ ईद का त्योहार मनाने का अवसर प्रदान करना है। गौरतलब है कि संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय समुदाय एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यूएई की कुल आबादी में भारतीयों की हिस्सेदारी 37.96 प्रतिशत है। दिसंबर 2024 के आंकड़ों के अनुसार, यूएई में 35 लाख 68 हजार 848 (3.6 मिलियन) भारतीय निवास करते थे, जो दुनिया में भारतीयों की दूसरी सबसे बड़ी आबादी है। यूएई के विकास में यहां रहने वाले भारतीयों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## व्हाइट हाउस में ट्रंप की इफ्तार पार्टी पर मचा बवाल, गेस्ट लिस्ट देखकर भड़के अमेरिकी मुस्लिम

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रमजान के पवित्र महीने के अवसर पर व्हाइट हाउस में पहली इफ्तार पार्टी की मेजबानी की। हालांकि, पार्टी को लेकर विवाद की लहर उठ गई है। पार्टी में अमेरिकी मुस्लिम सांसदों और समुदाय के प्रमुख नेताओं को निमंत्रण नहीं दिया गया। इसके बजाय, मुस्लिम देशों के विदेशी राजदूतों को आमंत्रित किया गया, जबकि व्हाइट हाउस में इफ्तार पार्टी आयोजित करने की परंपरा पिछले दो दशकों से चल रही है।राष्टपति ट्रंप ने इफ्तार डिनर के अवसर पर कहा, मैं आप सभी का व्हाइट हाउस में इफ्तार डिनर में स्वागत करता हूं। हम इस्लाम के पवित्र महीने रमजान का जश्न मना रहे हैं। यह एक बेहतरीन महीना है। दुनियाभर के मुस्लिमों को रमजान मुबारक। हम दुनिया के बेहतरीन धर्मों में से एक धर्म का सम्मान करते हैं।इस कार्यक्रम को लेकर कई मुस्लिम सिविल राइट्स समूहों ने विरोध जताया। Not Trumps Iftar नामक मुस्लिम नेताओं के समूह ने इसे ट्रंप की पाखंड भरी राजनीति का उदाहरण बताया। एक प्रदर्शनकारी का कहना था कि, यह डोनाल्ड ट्रंप का एक तरह का पाखंड है। एक ओर देश में मुस्लिमों के प्रवेश पर रोक लगाते हैं, तो दूसरी ओर इफ्तार पार्टी का आयोजन करते हैं।

## बढ़ते तनाव के बीच कनाडा के पीएम का बड़ा एलान, अमेरिका के साथ पुराने रिश्तों को किया खत्म

कनाडा (आरएनएस)। अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद दोनों देशों के संबंधों में तनाव बढ़ गया है। इस बीच कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा, कनाडा और अमेरिका के बीच मजबूत आर्थिक, सुरक्षा और सैन्य संबंधों का युग अब समाप्त हो चुका है।मार्क कार्नी ने अमेरिका के साथ कनाडा के पुराने रिश्ते खत्म होने का ऐलान कर दिया और कहा, अमेरिका के साथ हमारा अर्थव्यवस्थाओं, सुरक्षा और सैन्य सहयोग पर संबंध आधारित था, लेकिन अब हमारा अमेरिका के साथ पुराना रिश्ता खत्म हो गया है।ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिका में निर्मित न होने वाले सभी वाहनों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा, जो 1 अप्रैल से लागू होगा। इस कदम से कनाडा की ऑटो इंडस्ट्री पर भारी दबाव पड़ने की संभावना है। 28 अप्रैल को होने वाले चुनाव से पूर्व पीएम कार्नी ने अपने चुनाव अभियान को रोकते हुए व्यापार युद्ध से निपटने के लिए कैबिनेट सदस्यों की बैठक के लिए ओटावा लौटने का निर्णय लिया।

# कलेक्टर के निरीक्षण का असर, जिला अस्पताल में साफ-सफाई और व्यवस्थाओं में आया सुधार

## अस्पताल का निरीक्षण कर कलेक्टर बालागुरू के. ने व्यक्त की थी घोर नाराजगी अस्पताल की साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं में सुधार लाने के दिए थे निर्देश



सीहोर (निप्र) कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा बीते दिन जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के जो निर्देश दिए थे, उनमें कई निर्देश आज धरातल पर देखने मिले। अस्पताल की सफाई व्यवस्था से लेकर मरीजों के पंजीयन काउंटर की प्रक्रिया व्यवस्थित नजर आई। कलेक्टर बालागुरू के द्वारा गत 27 मार्च को निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाओं को लेकर घोर नाराजगी व्यक्त की गई थी और सीएमएचओ तथा सिविल सर्जन को व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए गए थे। सीएमएचओ सुधीर डेहरिया ने 28 मार्च को जिला अस्पताल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल का वातावरण अब पहले से कहीं अधिक स्वच्छ, सुव्यवस्थित और मरीजों की जरूरतों के अनुसार अनुकूल हो गया है। इसके साथ ही अस्पताल के कक्ष क्रमांक 40 में मरीजों का व्यवस्थित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही मरीजों को आनलाइन पर्ची के लिए परेशान न होना पड़े इसके लिए भी पंजीयन काउंटर की संख्या बढ़ा दी गई है, जिससे मरीजों को अपनी बारी का इंतजार नही करना पड़ रहा है और आसानी से पंजीयन हो रहा है। इसके साथ ही अस्पताल में व्यवस्थित ढ़ंग से वाहनों की पार्किंग भी कराई जा रही है।

## विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

सीहोर (निप्र)। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री सतीश चंद्र शर्मा के निर्देशानुसार सीहोर स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने वृद्धजनों से चर्चा की। उन्होंने वृद्धजनों से उनके स्वास्थ्य एवं खानपान संबंधी सुविधाओं एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र में उपचार करा रहे व्यक्तियों को नशे के दुष्परिणामों एवं नशे से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी।

# सीवन नदी समिति आज घर-घर जाकर पीले चावल वितरण देकर करेगी जागरुक



सीहोर (निप्र)। सीवन नदी के सौंदर्यीकरण और इसके घाटों के निर्माण के लिए जन अभियान के रूप में सीवन का उद्धार किया जाएगा। इस अभियान में शहरवासियों के अलावा जनप्रतिनिधि, प्रशासन के आला अधिकारियों के अलावा समस्त कार्मचारियों के साथ जन सहयोग से काम करने योजना बनाई है। इसको लेकर बाइक रैली, अनेक समाजों और संगठनों के द्वारा बैठक के अलावा अब शनिवार को सीवन नदी समिति के द्वारा घर-घर जाकर पीले चावल वितरण कर जीवन दायनी नदी के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए जागरूक किया जाएगा। रविवार की शाम को सीवन नदी समिति के द्वारा शाम चार बजे महिला घाट पर बैठक का आयोजन किया जाएगा।सीवन के सौंदर्यीरण और गहरीकरण आदि के बारे में सीवन समिति के द्वारा पहल की गई है। उससे क्षेत्रवासियों में उत्साह है और पूरी तरह से जनभागीदारी से इसका उद्धार करने के लिए एकजुट है। रविवार को विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और कलेक्टर बालागुरु के आदि के मार्गदर्शन में जन अभियान की शुरूआत की जाएगी। वहीं नौ अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा श्रमदान आदि करेंगे। इसी के साथ आगे के प्लान के बारे में भी चर्चा की जाएगी कि किस तरह से सीवन के लिए काम किया जाना है। इसमें जनभागीदारी किस तरह की होगी, इस पर भी बात होगी। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा, विधायक श्री राय और नपाध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा हर संभव मदद की जा रही है।शहर के खजांची लाइन में बैठक में सभी शहरवासियों ने तन, मन और धन से सीवन के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण आदि के लिए कदम-कदम पर सहयोग देने की बात कही है। अभी समिति सदस्यों के साथ बैठक की जाएगी। इसके बाद नदी के सौंदर्यीकरण और इसके विकास के लिए एक प्लान तैयार किया जाएगा और पूरे शहरवासियों के सहयोग के साथ इसको जन अभियान के रूप में जागरूक किया जाएगा।




## सीएमएचओ ने किया आष्टा सिविल अस्पताल का निरीक्षण

सीहोर (निप्र)। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने आष्टा सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिविल अस्पताल के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने ओपीडी पर्ची के साथ ही आभा आईडी बनाने के निर्देश दिए।

# जिले की 14 स्वास्थ्य संस्थाएं एनक्यूएएस प्रमाणित


सीहोर (निप्र)। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की टीम द्वारा 22 मार्च से 28 मार्च तक जिले की अनेक शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा इन सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में संचालित सेवाओं एवं संपूर्ण केंद्रों की मानक जांच की गई। जांच के दौरान संस्थाओं में सभी स्वास्थ्य सेंवाएं गुणवत्तपूर्ण ढ़गं से संचालित पाई गईं। टीम द्वारा मानक जांच के पश्चात जिले बुधनी, छिंदगावं काछी, गंज, डोंडी, गाडीबैराज, गवाखेड़ा, मूंडलाकला, निमोटा, सेवदा, वासुदेव, वेदाखेड़ी, भनवारा, बिचौली, बिजलौन स्वास्थ्य केंद्रों को एनक्यूएएस प्रमाणित किया गया। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाएं शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए कार्य कर रही हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेंवाएं मिल सकें।



## कृषकों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं विभिन्न किस्मों के बीज

सीहोर (निप्र)। सीहोर जिले का शरबती गेहूं के पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। वर्तमान में सीहोर जिले में शरबती गेहूं का क्षेत्रफल 40390 है, जो निरंतर बढ़ रहा है। सीहोर जिले में शरबती गेहूं को जीआई टैग भी मिल चुका है। किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के उप संचालक केके पांडे ने बताया कि जिले के कुछ ग्रामों की मिट्टी शरबती गेहूँ के उत्पादन के लिए उपयुक्त है। शरबती गेहूं की उत्पादकता 2700 से 2800 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर होती है। कृषि उपज मंडी सीहोर में व्यापारियों द्वारा शरबती गेंहूँ प्रोसेसिंग कर महानगरों में भेजा जाता है। उनकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए नवीन उन्नत किस्मों के बीजों का वितरण कर बीज समितियों एवं FPO द्वारा शरबती गेहूं बीज उत्पादन कराया जा रहा है तथा उत्पादकता बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे है। शरबती गेहूं की उत्पादकता एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए सुजाता C-306, HI-1531, HI-1544, HI-1634, HI-1636, HI-1650 किस्मों का बीज कृषकों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शरबती गेंहूँ की विशेषता है कि इसका उत्पादन कम पानी में भी लिया जा सकता है इसलिए इसे दो पानी का गेहूं भी कहा जाता है।

## संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की जयंती मनाये जाने हेतु हुई बैठक




सीहोर (निप्र)। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सर्व सेन समाज द्वारा उनके आराध्य देव श्री सेन जी महाराज की 725 वीं जयंती दिनांक 25 अप्रैल 2025, दिन शुक्रवार को प्रात:11:00 बजे सेन धर्मशाला गंज सीहोर में मनाई जाना है। परंतु इस वर्ष यह कार्यक्रम सादा और सामान्या रूप से मनाया जाएगा क्योंकि सर्वसेन समाज का विशेष एवं कर्मठ कार्यकर्ता मनोज सेन 2 माह पूर्व गुम हो गए हैं। सभी वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता द्वारा एक विशेष बैठक बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता तुलसीराम सेन काका एवं युवा अध्यक्ष कमोद सेन सहित सभी कार्यकर्ताओं द्वारा उनके आराध्य देव सेन जी महाराज से प्रार्थना की गई कि स्वजातीय बन्धु मनोज सेन जहां कहीं भी हो पुन: लौटने की सद्बुद्धि दे उन तक हमारी भावना एवं विचार पहुंचे। इन्हीं कारण से सेन जयंती सामान्य एवं साधारण समारोह के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। सर्व सेन समाज के महामंत्री एल.एस. सेन ने सभी स्वजातीय बन्धुओं एवं कार्यकर्ताओं से अपील की है कि सर्वसहमति से लिये गये निर्णय आप सभी लोगों को स्वीकार होगा और आगामी दिनांक 25 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार प्रात: 11:00 बजे सेन जी महाराज की आरती एवं प्रसाद वितरण होगा।

# ग्राम बिशनखेड़ी में भीषण जल संकट को लेकर म.प्र.शासन भोपाल ने जांच कर नलकूप खनन कराने के दिए आदेश

### शासकीय बोर मशीन से नलकूप खनन करने में सरपंच पति द्वारा रोक लगाने पर शासकीय कार्य में बाधा डालने पर म.प्र. शासन द्वारा सरपंच पति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के दिए आदेश

सीहोर (निप्र)। ग्राम बिशनखेड़ी में भीषण जल संकट को लेकर ग्रामीण जनों ने विगत दिनो मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव का ज्ञापन सौंपकर गांव के वार्ड क्र 3 धाकड़ मोहल्ला मुरलीधर बाड़ा के पास नलकूप खनन कराने की मांग की गई थी। जिस पर म.प्र. शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा एवं पी.ए.ची.मंत्री, सीहोर प्रभारी मंत्री, पंचायत मंत्री व मुख्यमंत्री कार्यालय से शीघ्र नलकूप खनन कराने के निर्देश जारी किए गए थे। जिस पर पी.ए.ची. विभाग द्वारा 2 बार वार्ड क्र 3 धाकड़ मोहल्ला मुरलीधर बाड़ा के पास नलकूप खनन करने के लिए मोके पर बोर मशीन भेजी गई। एक बार तो गांव के शीला बाई सरपंच पति जितेन्द्र तमोलिया 24 घण्टे मशीन खड़ी रही नलकूप खनन नहीं करने दिया और शासकीय कार्य में बाध डाली गई। पुन: दूसरी बार उसी स्थान पर नलकूप खनन करने बोर मशीन पहुंची और नलकूप खनन कर रही थी तभी नायब तहसीलदार किशोर कटारे द्वारा मौके पर आकर नलकूप खनन नहीं करने दिया और मशीन को हटवा दिया गया। गांव के वरिष्ठ बजरंगी नागर ने बताया की सरपंच पति द्वारा



गांव में 2 पानी की टंकी के पैसे निकालकर खा गया। पानी की टंकी भी नहीं बनाई गई जिसकी शिकायत जन सुनवाई कलेक्टर से लेकर सी.एम. हैल्पलाईन में भी की जा चुकी है। पी.ए.ची. विभाग सीहोर द्वारा विगत पांच वर्ष पूर्व से अभी तक ग्राम पंचायत बिशनखेड़ी में सरपंच को लगभग 5 विद्युत पम्प दिए जा चुके है जिसका कोई पता नही चला की पम्प कहां लगे है । जिसकी जांच कराने की मांग बजरंगी नागर द्वारा पी.ए.ची. विभाग से की गई है। विगत वर्ष सरपंच पति ने अपने घर में शासकीय नलकूप खनन करा लिया था। जिसका विद्युत पम्प निकालकर कही गायब कर दिया गांव की 2000 से अधिक है 20 हैण्डपम्प स्थापित है, जिसमें से 5 हैण्डपम्प तो 1-1 कुप्पे पानी देकर बंद हो जाते है, 2 हैण्डपम्प एक दो घरो की पानी की पूर्ति कर पाते है, 13 हैण्डपम्प पूर्ण रूप से सुखे है। पी.ए.ची. विभाग सीहोर द्वारा वर्तमान में गांव के बाहर मांगलिक भवन में एक नलकूप खनन 520 फिट किया जो पूर्ण रूप से सुखा है। जिसमें बूंद-बूंद पानी इकट्ठा होकर 24 घंटे में मात्र 2 कुप्पा पानी ही इकट्ठा हो पाता है। जिसमें पी.ए.ची. विभाग सीहोर द्वारा विद्युत मोटर पम्प डाला गया है, जो पानी न होने के कारण सुखा पड़ा है। ग्रामीण जनता की मांग है कि सुखे बोर में से विद्युत पम्प को निकालकर वापस विभाग के स्टोर में जमा कराया जाए।

# भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, 30 मार्च को निकाला जाएगा भव्य चल समारोह



सीहोर (निप्र)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सिंधी समाज के तत्वाधान में चेटीचंड का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर आगामी 30 मार्च को भव्य रूप से शाम को समाजजनों को द्वारा चल समारोह निकाला जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सिंधी समाज के अध्यक्ष रमेश आहुजा और चल समारोह के अध्यक्ष भूपेन्द्र पाहुजा ने बताया कि वरण अवतार भगवान झूलेलाल के जन्म उत्सव चेतीचांद पर्व आगामी 30 मार्च को सिंधी कालोनी स्थित मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर शुक्रवार को सुबह अखंड पाठ साहब का शुभारंभ किया गया, वहीं रविवार को सुबह दस बजे पाठ साहब की समाप्ति के अलावा शाम पांच बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात रात्रि नौ बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर समाजजनों ने निर्णय लिया है कि पर्व के दौरान सभी अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर आयोजन में प्रमुखता से शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि चैत्र शुक्ल द्वितीया से सिंधी नववर्ष का आरंभ होता है। इसे चेटीचंड के नाम से जाना जाता है। चैत्र मास को सिंधी में चेट कहा जाता है और चांद को चण्डु। इसलिए चेटीचंड का अर्थ हुआ चैत्र का चांद। इस बार यह रविवार 30 मार्च को है। सभी त्योहारों की तरह इस पर्व के पीछे भी पौराणिक कथाएं हैं। चेटीचंड को अवतारी युगपुरुष भगवान झूलेलाल के जन्म दिवस के रूप में जाना जाता है। उनका जन्म सद्भावना और भाईचारा बढ़ाने के लिए हुआ था। पाकिस्तान के सिंध प्रांत से भारत के अन्य प्रांतों में आकर बस गए हिंदुओं में झूलेलाल को पूजने का प्रचलन ज्यादा है। उपासक भगवान झूलेलाल को उदेरोलाल, घोड़ेवारो, जिन्दपीर, लालसाँई, पल्लेवारो, ज्योतिनवारो, अमरलाल आदि नामों से भी पूजते हैं। भगवान झूलेलालजी को जल और ज्योति का अवतार माना गया है। इसलिए लकड़ी का मंदिर बनाकर उसमें एक लोटे से जल और ज्योति प्रज्वलित की जाती है और इस मंदिर को श्रद्धालु चेटीचंड के दिन अपने सिर पर उठाते हैं, जिसे बहिराणा साहब भी कहा जाता है। सभी त्योहारों की तरह इस पर्व के पीछे भी पौराणिक कथाएं हैं। चेटीचंड को अवतारी युगपुरुष भगवान झूलेलाल के जन्म दिवस के रूप में जाना जाता है।

उनका जन्म सद्भावना और भाईचारा बढ़ाने के लिए हुआ था। पाकिस्तान के सिंध प्रांत से भारत के अन्य प्रांतों में आकर बस गए हिंदुओं में झूलेलाल को पूजने का प्रचलन ज्यादा है। उपासक भगवान झूलेलाल को उदेरोलाल, घोड़ेवारो, जिन्दपीर, लालसाँई, पल्लेवारो, ज्योतिनवारो, अमरलाल आदि नामों से भी पूजते हैं। भगवान झूलेलालजी को जल और ज्योति का अवतार माना गया है।

## नगर पालिका ने 311 करोड़ रुपए का बजट पेश किया, सीवन नदी के सौंदर्यीकरण और सीवेज का काम होगा शुरु

सीहोर (निप्र)। शहर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का बजट बनाया गया है। इसमें नागरिकों की हर सुविधा का ध्यान रखा गया है। करीब 311 करोड़ से अधिक के बजट में सबसे ज्यादा 52 करोड़ अमृत योजना मिशन 2.0 के तहत खर्च होंगे। उक्त विचार शहर के नगर पालिका के सभाकक्ष में प्रस्तावित बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 का सर्व सम्मिति से बजे पेश करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे। केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार के आशीर्वाद से शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कहाकि भूजल स्तर गिरता जा रहा है, इसके लिए अब भवन निर्माण में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की शर्त अनिवार्य करने के अलावा एक राष्ट्र एक चुनाव का प्रस्ताव भी पारित किया गया है। वाटर हार्वेस्टिंग का सिस्टम प्रदेश और देश के लिए भी जरूरी है। बजट बैठक के दौरान सभापति अजय पाल राजपूत ने बजट पेश किया। इस मौके पर नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने कहा कि शुक्रवार की सुबह नगर पालिका के सभाकक्ष में परिषद का विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया था। जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर चर्चा आदि की गई। बैठक के दौरान सभी पार्षदों ने शहर के अरबों रुपए के इस बजट को सर्व सम्मिति से हर्ष व्यक्त करते हुए पूरे हर्ष के साथ अपना समर्थन किया।

## भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा एवं अमिता अरोरा को श्रीकांतदेव सिंह ने दिलाई पार्टी की आजीवन सदस्यता, काटी रशीद

### - जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, वरिष्ठ नेता सन्नी महाजन सहित कई भाजपा नेता रहे मौजूद



सीहोर (निप्र)। भारतीय जनता पार्टी के संभाग सदस्यता प्रभारी श्रीकांतदेव सिंह ने सर्किट हाउस में वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा एवं उनकी धर्मपत्नी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमिता अरोरा को पार्टी की आजीवन सदस्यता दिलाई। इस दौरान सहयोग राशि की रशीद भी काटी गई।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला सहयोग सदस्यता प्रभारी सन्नी महाजन, इछावर से भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णु वर्मा, मंडल अध्यक्ष नीरज परमार, सीहोर नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, भाजपा नेता आशीष पचौरी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर पार्टी नेताओं ने भाजपा नेता सेवा यादव, भूपेंद्र ठाकुर, राजू बोयत, छगन यादव को भी आजीवन सदस्य बनाया। यहां बता दें कि श्री अरोरा सीहोर के कद्दावर नेताओं में शुमार हैं। वे वर्षों से पार्टी की सेवा कर रहे हैं। उनकी उपस्थिति सीहोर में भाजपा को मजबूत बनाती है। भाजपा नेता श्री अरोरा शहर सहित क्षेत्र में धार्मिक, राजनीतिक कार्यक्रम हो या कोई अप्रिय घटनाएं हो जाए हर मौके पर मौजूद रहते हैं। उनकी छवि एक ईमानदार नेता के रूप में है। उनके नगर पालिका अध्यक्ष रहते सीहोर में कई विकास कार्य हुए हैं।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com